चैत्र मास शुक्ल पक्ष, 22 वर्ष, अंक 258, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 17 अक्तूबर 2023 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट






# निठारी हत्याकांड के आरोपी बरी

## निठारी कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला, सुरेंद्र कोली और मनिंदर की फांसी की सजा रद्द

**नोएडा**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने नोएडा के निठारी कांड में सीबीआइ कोर्ट गाजियाबाद द्वारा सुरेंद्र कोली व मनिंदर सिंह पंढेर को मिली फांसी की सजा के खिलाफ अपील मंजूर कर ली है। आरोप संदेह से परे साबित न हो पाने के कारण निर्दोष करार देते हुए बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्र व न्यायमूर्ति एसएचए रिजवी की खंडपीठ ने लंबी चली बहस के बाद अपीलों पर फैसला सुरक्षित कर लिया था। उक्त मामले में सोमवार को फैसला सुनाया गया। कोली पर दर्जनों लड़कियों की नृशंस हत्या व दुष्कर्म करने के आरोप में एक दर्जन से अधिक मामलों में फांसी की सजा के खिलाफ अपील दाखिल की गई है। पंढेर को तीन मामलों में फांसी की सजा मिली है। नोएडा की पंढेर की कोठी में निठारी गांव की लड़कियों को लाकर हत्या की गई थी।

बता दें कि निठारी कांड में सीबीआई ने 16 मामले दर्ज किए थे। जिसमें गाजियाबाद की सीबीआई कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को 14 मामलों में दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी, जबकि मनिंदर सिंह पंढेर को 6 मामले दर्ज किए और इनमें से 3 मामलों में कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई थी। वहीं दो केस में वह पहले ही बरी हो चुका है। साल 2006 में नोएडा के निठारी गांव में हुई वारदात ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। इस मामले में हर रोज रोंगटे खड़े करने



वाले खुलासे हो रहे थे। पुलिस ने जांच के आधार पर मनिंदर सिंह पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली को गिरफ्तार कर वारदात का खुलासा किया। अब इलाहाबाद हाईकोर्ट के फैसले के बाद से एक बार फिर यह मामला चचाओं का केंद्र बन गया है।

### 2007 में सीबीआई ने हाथ में लिया केस

11 जनवरी 2007 को यह केस सीबीआई ने पूरी तरह से अपने हाथ में ले लिया। इस मामले में नरपिशाच के नाम से विख्यात हुए सुरेंद्र कोली का पहली बार इकबालिया बयान 28 फरवरी को दिल्ली में एसीएमएम के सामने दर्ज कराया गया था।

कुल 17 मामलों में आरोपित बनाए गए सुरेंद्र कोल और मोनिंदर सिंह पंढेर 16 अक्टूबर 2023 को फिर चर्चा में हैं क्योंकि जिन 12 मामलों में कोली को निचली अदालत ने फांसी दी थी उन सभी में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कोली को बरी कर दिया है। वहीं पंढेर को जिन दो मामलों में मौत की सजा मिली थी उसमें पंढेर को भी बरी कर दिया।

### दो हैवानों ने 17 बच्चों को अपना शिकार बनाया

अदालत ने सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंढेर को भले ही कई मामलों में बरी कर दिया हो, लेकिन आज भी निठारी कांड की बात आते ही हर उस शख्स की आंखों में वह मंजर तैर जाते हैं, जब एक-एक कर नाले से नर कंकाल निकल रहे थे। करोड़पति मोनिंदर सिंह पंढेर की कोठी डी-5 पर फिर मीडिया का जमावड़ा लगा। हालांकि अब कोठी की हालत ऐसी हो चुकी है जिसे देखकर कोई नहीं कह सकता कि 17 साल पहले यहां पर कोई कोठी थी। इसी कोठी में दो हैवानों ने 17 बच्चों को अपना शिकार बनाया और उन्हें उसी के नीचे गाड़ दिया। इसी कोठी में पंढेर और कोली आसपास के गांव से भोले-भाले बच्चों को किसी न किसी बहाने बुलाते थे।

## निठारी कांडः कोर्ट के फैसले से दुखी पिता ने निठारी डी-5 कोठी पर फेंके पत्थर

**निठारी** कांड मामले में सुनवाई के बाद पीड़ित पिता रामकिशन ने निठारी डी-5 कोठी पर पहुंचकर पत्थर बरसाए। उसका तीन बच्चा हर्ष गायब हुआ था। कोर्ट के निर्णय के बाद पिता काफी दुखी है।

बता दें कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा के चर्चित निठारी कांड के आरोपी सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया है। कई दिनों तक चली बहस के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित कर लिया था। सोमवार को हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुनाया। कोर्ट ने सुरेंद्र कोली को दोषमुक्त कर दिया। निचली अदालत ने उसे फांसी की सजा सुनाई थी।

इसके खिलाफ उसने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। कोठी ऊ-5 के मालिक मनिंदर सिंह पंढेर को भी कोर्ट ने बरी कर दिया है। न्यायमूर्ति अश्वनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति एसएएच रिजवी की अदालत ने यह फैसला सुनाया। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने निठारी कांड के आरोपी मनिंदर सिंह पंढेर व सुरिंदर कोली को फांसी की सजा के खिलाफ अपीलों पर दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था। फांसी की सजा के खिलाफ दोनों



हाईकोर्ट में अपील दायर की है। विभिन्न खंडपीठों ने 134 दिन की लंबी सुनवाई की। कोली पर आरोप है कि वह पंढेर कोठी का केयरटेकर था और लड़कियों को लालच देकर कोठी में लाता था।

निठारी गांव की दर्जनों लड़कियां गायब हो गईं। वह उनसे दुष्कर्म कर हत्या कर देता था। लाश के टुकड़े कर बाहर फेंक आता था। निठारी कांड के अन्य मामलों का खुलासा होने पर इस मामले को भी सीबीआई ने 11 जनवरी को अपने हाथ में ले लिया था। सीबीआई ने 26 जुलाई 2007 को अदालत में चार्जशीट पेश की थी। मामले में सीबीआई कोर्ट में 305 दिन सुनवाई हुई। इस दौरान अभियोजन पक्ष ने कुल 38 गवाह पेश किए।

## 2006 में एक केस से सामने आया मामला

**हालांकि** जब सुरेंद्र कोली का नाम साल 2006 में एक बच्ची के गायब होने के मामले में सामने आया और फिर पुलिस ने गहनता से जांच शुरू की तो एक-एक कोठी मालिक मोनिंदर सिंह पंढेर और उसके नौकर सुरेंद्र कोली की करतूतें सामने आने लगीं।

### 12 केस में मिली थी कोली को फांसी की सजा, जजों की टिप्पणियां बेहद सख्त

कोली को जिन मामलों में मौत की सजा सुनाई गई उनमें जजों ने बेहद सख्त टिप्पणी की है। एक मामले में जज ने कहा था कि कोली के प्रति कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए। वहीं एक अन्य मामले में जज ने कहा था कि जब तक इसकी जान न जाए तब तक फांसी पर लटकाए रखो। 2005 के रिम्पा हलदर हत्याकांड में मृत्युदंड सुनाते हुए 15 फरवरी 2011 सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि कोली सीरियल किलर है और उसके प्रति कोई दया नहीं दिखाई जानी चाहिए।

## विपक्षी नेताओं ने फलस्तीनी नागरिकों के साथ एकजुटता दिखाई

**नई दिल्ली**

**इजरायल और ह**मास के बीच चल रहे भीषण युद्ध के बीच में विपक्षी नेताओं के एक समूह ने सोमवार (16 अक्टूबर) को फलस्तीन दूतावास का दौरा किया। इस समूह में सांसद दानिश अली, पूर्व सांसद मणिशंकर अय्यर और केसी त्यागी सहित कई विपक्षी नेता शामिल रहे, जिन्होंने फलस्तीनियों के साथ एकजुटता जताने के लिए फलस्तीन दूतावास का दौरा किया है। बीएसपी सासंद दानिश अली, कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर और जद (यू) के केसी त्यागी के अलावा, सीपीआई (एमएल) के महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य और



समाजवादी पार्टी के सांसद जावेद अली खान भी दूतावास का दौरा करने वाले नेताओं में शामिल रहे।

### शांति के लिए आवाज अब और तेज होनी चाहिए

दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि वे गाजा पर युद्ध और मानवीय संकट के मद्देनजर फलस्तीन के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने के लिए दूतावास गए थे। उन्होंने आगे कहा, "भारत में हर जगह, हम दुनिया के लोगों के साथ अपनी आवाज उठा रहे हैं। शांति के लिए आवाज अब और तेज होनी चाहिए क्योंकि गाजा में अभी जो हो रहा है वह सिर्फ वहां के लोगों की अंधाधुंध हत्या नहीं है बल्कि दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध की कगार पर धकेल रहा है।"

### युद्ध में 4,000 से ज्यादा लोग मारे गए

बता दें कि 7 अक्टूबर को हमास ने इजरायल पर हजारों रॉकेट से हमला कर दिया था, जिसके बाद से ही इजरायली सेना हमास पर ताबड़तोड़ हमले कर रही है। इन हमलों में दोनों तरफ से अब तक 4,000 से ज्यादा लोग मारे गए हैं।

## कमांडरों के पांच दिवसीय सम्मेलन की हुई शुरूआत

### सुरक्षा से जुड़े कई अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली**

**सेना क**मांडरों का सम्मेलन नई दिल्ली में शुरू हो गया है। यह शीर्ष-स्तरीय द्विवार्षिक कार्यक्रम वैचारिक आधार पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय सेना को महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों की सुविधा प्रदान करने का एक संस्थागत मंच है। सेना के शीर्ष कमांडरों ने सोमवार को पांच दिवसीय सम्मेलन की शुरूआत करते हुए चीन और पाकिस्तान से लगी सीमाओं पर राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों और बल की समग्र युद्ध क्षमता को बढ़ाने के तरीकों पर विचार-विमर्श शुरू किया। सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे की अध्यक्षता में, कमांडर कई मुद्दों पर विचार कर रहे हैं, जिनमें 13 लाख की क्षमता वाले बल में चल रही सुधार प्रक्रिया, तीनों सेनाओं के बीच संयुक्तता से संबंधित मामले और प्रमुख भू-राजनीतिक विकास शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह बुधवार को सेना कमांडरों के सम्मेलन में भाग लेंगे।

## गर्भ में पल रहे बच्चे को दुनिया में आने की मिली इजाजत



**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** में एक महिला की तरफ से दायर 26 हफ्ते के गर्भ गिराने की अनुमति को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने 26 सप्ताह की गर्भावस्था को समाप्त करने की मांग करने वाली एक महिला की याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दो बच्चों की मां एक विवाहित महिला को 26 सप्ताह से अधिक के गर्भ को समाप्त करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया क्योंकि भ्रूण स्वस्थ था और एम्स मेडिकल बोर्ड को बच्चे में कोई विसंगति नहीं मिली।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि गर्भावस्था की अवधि 24 सप्ताह से अधिक हो गई है, जो मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेगनेंसी (एमटीपी) की अनुमति की सीमा में नहीं आता है इसलिए टर्मिनेशन की अनुमति नहीं दी जा सकती है। शीर्ष अदालत ने कहा कि भ्रूण 26 सप्ताह और 5 दिन का है और मां को तत्काल कोई खतरा नहीं है। इसमें कहा गया है कि भ्रूण में कोई विसंगति भी नहीं थी। पीठ ने कहा, "गर्भावस्था की लंबाई 24 सप्ताह से अधिक हो गई है और यह लगभग 26 सप्ताह और 5 दिन की है। गर्भावस्था की चिकित्सीय समाप्ति की अनुमति नहीं दी जा सकती है।"

### एम्स की नई रिपोर्ट में बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ

वहीं, पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने महिला के स्वास्थ्य जांच का आदेश दिया था। आज कोर्ट में पेश की गई एम्स की नई रिपोर्ट में बताया गया है कि गर्भ में पल रहा बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ है, बच्चा किसी भी प्रकार की कोई स्वास्थ्य समस्या से ग्रस्त नहीं है। महिला गर्भावस्था के बाद मानसिक परेशानी से जूझ रही है, लेकिन इसके लिए जो दवाई वो ले रही है।

## सिक्किम बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में सेना ने चलाया 245 लोगों को बचाया

**गंगटोक**

**उत्तरी सि**क्किम में आई बाढ़ के बाद भारतीय सेना व एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है। भारतीय सेना ने उत्तरी सिक्किम में अभियान चलाकर 245 लोगों को बचाया है।

### 245 लोगों को बचाया

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि उत्तरी सिक्किम में चलाए गए एक मिशन में भारतीय सेना की त्रिशक्ति कोर के जवानों ने राबोम में फंसे 245 लोगों को बचाया है। त्रिशक्ति कोर के बयान के अनुसार, यह बचाव अभियान 7 अक्टूबर को शुरू हुआ और 13 अक्टूबर तक जारी रहा।

### उत्तरी सिक्किम में चलाया अभियान

त्रिशक्ति कोर के जवानों ने उत्तरी सिक्किम में आई बाढ़ के बाद कटे गांवों से संपर्क जोड़ने के लिए अभियान चलाया। सेना के जवान एक चुनौतीपूर्ण अभियान के बाद राबोम के अलग-अलग गांव पहुंचे और वहां फंसे करीब 245 लोगों को बचाया।

### त्रिशक्ति कोर एक्स पर दी जानकारी

त्रिशक्ति कोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी देते हुए ।

## 21 अक्टूबर को लॉन्च होगा 'मिशन गगनयान'

**नई दिल्ली**

**भारतीय अंतरिक्ष अ**नुसंधान संगठन (इसरो) भारत के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन - गगनयान को 21 अक्टूबर 2023 को सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच लॉन्च करेगा। इसरो की तरफ से ट्वीट कर कहा गया है कि गगनयान मिशन के टेस्ट व्हीकल डेवेलपमेंट फ्लाइट (टीवी-डी 1) को 21 अक्टूबर को सुबह लॉन्च किया जाएगा। टीवी-डी 1 को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा में सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से लांच किया जाएगा। इस मिशन के तहत अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की 400 किमी की कक्षा में ले जाने से




लेकर, भारतीय समुद्री सतह पर उतारकर पृथ्वी पर सुरक्षित रुप से वापस लाने की यान की क्षमता का आंकलन किया जाना है। यह भारत के अंतरिक्ष पर्यटन के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा।

### अंतरिक्ष पर्यटन के लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

टेस्ट व्हीकल एक सिंगल स्टेज लिक्विड रॉकेट है, जिसे इस अबॉर्ट मिशन के लिए तैयार किया गया है। पेलोड में क्रू मॉड्यूल (सीएम) और क्रू एस्केप सिस्टम (सीईएस) सहित अन्य शामिल हैं। इसरो प्रमुख एस सोमनाथ ने शनिवार को कहा था कि आने वाले दिनों में इसी प्रकृति के कम से कम तीन और परीक्षण होंगे।

गगनयान परियोजना में 3 दिनों के मिशन के लिए 3 सदस्यों के एक दल को 400 किमी की कक्षा में लॉन्च करके और भारतीय समुद्री जल में उतरकर उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाकर मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रदर्शन करने की परिकल्पना की गई है।

## इजरायलः भारतीयों को वापस लाने के लिए जारी है 'ऑपरेशन अजेय'

**नई दिल्ली**

**इजरायल औ**र हमास आतंकियों में चल रहे संघर्ष के बीच इजरायल में फंसे भारतीयों को स्वदेश वापस लाया जा रहा है। इसके लिए भारत सरकार द्वारा चलाया गया 'ऑपरेशन अजेय' जारी है। अब तक 'ऑपरेशन अजेय' के तहत एयर इंडिया और स्पाइसजेट के विमानों से 900 से अधिक लोगों को स्वदेश वापस लाया जा चुका है। सोमवार को एयरलाइन का विमान ए340 तेल अवीव से भारतीयों को लेकर वापस लौटेगा। इससे पहले रविवार को स्पाइसजेट ने एक बयान में कहा, 'स्पाइसजेट की पहली उड़ान इजराइल से 320 भारतीय यात्रियों के साथ रविवार सुबह 8.10 बजे दिल्ली पहुंची।'

### एअर इंडिया और स्पाइसजेट की चार उड़ानें संचालित



बता दें कि, इजराइल-हमास युद्ध के बीच एअर इंडिया और स्पाइसजेट शुक्रवार से तेल अवीव आने-जाने वाली चार उड़ानें संचालित कर चुकी हैं। स्पाइसजेट ने रविवार को कहा था कि वह राजधानी तेल अवीव के लिए रविवार को अपनी दूसरी उड़ान संचालित करेगी। इजरायल से निकाले गए भारतीय नागरिकों ने नई दिल्ली में उतरते ही भारत माता की जय के नारे लगाए। उन्होंने 'आपरेशन अजेय' को अच्छी पहल बताते हुए केंद्र सरकार को धन्यवाद दिया।

### केंद्रीय मंत्री ने भारतीयों का किया स्वागत

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने रविवार को कहा कि 197 यात्रियों के साथ तीसरी उड़ान सुबह करीब चार बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंची।

इस उड़ान से पहुंचे भारतीय नागरिकों का स्वागत केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने राष्ट्रीय ध्वज के साथ किया। इसके बाद 274 यात्रियों को लेकर चौथी फ्लाइट सुबह सात बजे नई दिल्ली पहुंची। केंद्रीय मंत्री वीके सिंह ने हवाई अड्डे पर इन भारतीयों का स्वागत किया।

## पांच जजों की पीठ करेगी चुनावी बॉन्ड केस की सुनवाई

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम कोर्ट** ने राजनीतिक दलों के चंदे से संबंधित चुनावी बॉन्ड योजना को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को सुनवाई की। इस मामले की सुनवाई के लिए कोर्ट ने 30 अक्टूबर की तारीख तय की है। वही, कोर्ट ने इस मामले को पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के पास भेज दिया है।

### राजनीतिक दलों को 12,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि जरूरी है कि



राजनीतिक पार्टियों की फंडिंग से जुड़े इस मामले को एक बड़ी पीठ के पास भेजा जाए। बता दें कि जनहित याचिका याचिकाकताओं में से एक ने मार्च में कहा था कि चुनावी बांड के माध्यम से अब तक राजनीतिक दलों को 12,000 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है और दो-तिहाई राशि एक प्रमुख राजनीतिक दल को गई है।

# नैनी के एतिहासिक चीनी मील राम लीला का शुभारंभ

## कर्ण घोड़ा शोभायात्रा के दौरान प्रशासन के साथ एसपीओ टीम रही मुस्तैद

अखंड भारत संदेश





**नैनी।** नैनी चीनी मील रामलीला कमेटी की ओर से दशहरे की शुरूआत के लिए कर्ण घोड़ा शोभायात्रा भव्य रूप से निकाला गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शोभा यात्रा अपने निराले अंदाज में लोगों के सामने आया। यह परंपरा दशहरे की शुरूआत दशाने के लिए निकाली जाती है।कई झांकियां सजाकर डीजे और बैंड बाजे के साथ चीनी मिल रामलीला कमेटी स्टेशन रोड, हनुमान नगर, मेवालाल बगिया मिर्जापुर रोड शंकरढाल, नैनी बाजार, होते हुए क्षेत्र के कई हिस्सों में घुमाया गया। इस दौरान नैनी थाना की पुलिस बल मौजूद रही। शोभायात्रा को देखते हुए प्रशासन की ओर से विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ टीम को भी तैनात किया गया था। वहीं एसपीओ टीम के जवान मौके पर पहुंचकर प्रशासन के साथ शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने में जुटे रहे। इस दौरान विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम के प्रभारी अभय राज सिंह,उप प्रभारी परवेज अहमद,जनसपंर्क अधिकारी शेख लियाकत अली, संगठन सचिव रविंद्र सिंह,थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा,मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल, रामजी जयसवाल, समीर खान, दीपक केसरवानी, रोहित चौरसिया, सुशील शर्मा, प्रदीप कुमार आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

## मऊआइमा थाना प्रभारी ने आरती कर शुरू कराया दुर्गापूजा



**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना प्रभारी निरीक्षक ने शेत्र के वाजिदपुर में आरती उतार कर रामलीला का शुभारम्भ किया। मऊआइमा क्षेत्र के ग्रामसभा छीतेमऊ के बाजितपुर में नवदुर्गा पूजा जागरण समिति द्वारा दुर्गा पूजन का आयोजन किया गया। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन था। मऊआइमा इंस्पेक्टर वीरेंद्र कुशवाहा ने मां दुर्गा की आरती व प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए दुर्गा पूजा का शुभारंभ किया। समिति द्वारा इंस्पेक्टर मऊआइमा वीरेंद्र कुशवाहा, उपनिरीक्षक संजय मौर्य व खंड कार्यवाह दिनेश मौर्य को श्री राम का पटका पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान अमजद हुसैन, राजेंद्र सिंह, दिनेश यादव,राजेंद्र पटेल, बनवारी लाल पटेल, धर्मेंद्र कुमार, जय प्रकाश, अर्जुन आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक के पास जुआ खेलते पांच गिरफ्तार

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ पुलिस ने जुआ खेलते हुए पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 3475 रुपये, फड़ से 2025 रुपये व ताश के पत्ते बरामद हुए है। एसओ मनोज कुमार सिंह ने बताया कि ग्राम बदामा पहाड़ी रेलवे ट्रैक के पास जुआ खेलते हुए नीरज उर्फ दिलीप कुमार केशरवानी निवासी (वार्ड नंबर 2, पुरानी बाजार), विजय कुमार कंजर पुत्र स्व.शिवराम (निवासी वार्ड नंबर 7, धर्मनगर लाइनपार), रमेश कुमार आदिवासी पुत्र जगजीवन लाल (निवासी तालापार), पुल्लू धरिकार पुत्र राधे (निवासी वार्ड नंबर 2, चमरौटी टोला) और खुर्शीद पुत्र बन्ने (निवासी वार्ड नंबर 12, पुरानी बाजार) को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई शिवकुमार कुमार यादव, बलिराम सिंह, शशिकांत यादव, प्रदीप यादव, जीतेंद्र कुमार ओझा, सुखबीर सिंह और चंद्रकेश सिंह यादव शामिल रहे।

# राजराजेश्वरी महाशक्ति पीठ चक्रसुदर्शनपुरी में भक्तों द्वारा किया गया पूजन अर्चन

अखंड भारत संदेश



**प्रतापपुर।** शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर श्रीराज राजेश्वरी शक्ति पीठचक्रसुदर्शनपुरी धनुपुर प्रांगण में सुबह-शाम पूजन, अर्चन, आरती किया जा रहा है जिससे पूरा क्षेत्र भक्ति रस में सराबोर है।मंदिर के संस्थापक रामानुजाचार्य हरि प्रपन्नाचार्य महाराज के नेतृत्व में आश्रम के भक्तों द्वारा विभिन्न पुष्पों, फलों एवं पत्तों तथा तोरण एवं झालरों द्वारा भव्य तरीके से मंदिर प्रांगण का श्रृंगार किया गया है ?। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण से कलश स्थापना हुई इसके बाद देवी जी का पूजन अर्चन आरती किया गया।पूजन अर्चन आरती में आचार्य अशोक कुमार शुक्ला, आशाराम शुक्ल, मानस भास्कर अनुजाचार्य महाराज, मदन गोपाल मिश्रा, अंबुज द्विवेदी, चंद्रकांत पांडेय, मनीष पांडेय, सुनील तिवारी, ईश्वर चंद्र शुक्ल, धर्मेंद्र पांडेय, विवेक शुक्ल, अभिषेक शुक्ल, हर्षवर्धन शुक्ल, उत्कर्ष शुक्ल, लोलारक मिश्रा, दीपक शुक्ल, नीरज शुक्ल आदि लोग शामिल रहते हैं।

# रोटरी क्लब ने बच्चों के बैठने को दिया डेस्क-बेंच



अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** रोटरी क्लब इलाहाबाद रायल्स एवं यूनाइटेड मेडिसिटी प्रयागराज द्वारा प्रा वि भीटी एवं प्रा0वि0 सिलना को 45, 20, सेट डेस्क बेंच बच्चों के बैठने के लिए दी गयी, रोटरी रायल्स इलाहाबाद की अध्यक्ष रिचा अग्रवाल यूनाईटेड मेडिसिटी के डायरेक्टर सत्यपाल गुलाटी द्वारा प्रदान की गयी, इस मौके पर रोटेरियन विलिस सुतलिफ, रैपिड सिटी, रशमोर, रोटरी क्लब प्रयागराज, रोटेरियन पैट सुतलिफ, रैपिड सिटी, रोटरी क्लब,रोटेरियन गेरिट जफर वैगनार, रशमोर, रोटरी क्लब, मिशैल जफर, रोटेरियन एन गौरमले, जो गौरमले, जिलाध्यक्ष प्राथमिक शिक्षक संघ प्रयागराज देवेंद्र श्रीवास्तव, ब्लाक अध्यक्ष कौडिहार 2 मसूद अहमद , सुरेंद्र सिंह, अनुराग प्रमोद कुमार आदि लोगो ने आये हुए गणमान्य व्यक्तियों का बुके और माल्यार्पण से स्वागत किया ' जिलाध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव ने विद्यालय के लिए दी गयी डेस्क, बेंच के लिए आभार प्रकट किया और भविष्य में भी इसी तरह के सहयोग प्राप्त होता रहेगा।

## प्रधान सेमरी एवं चौकी इंचार्ज की तत्परता से गुमशुदा बच्चा परिजनों से मिला



**जंघई।** सरायममरेज थाना क्षेत्र से सटे सेमरी गांव मीरगंज थानाक्षेत्र निवासी राजेश कुमार मौर्य का पुत्र अनिकेत जिसकी उम्र करीब 12 वर्ष है। मुंगराबादशाहपुर स्थित द्विवेदी पैराडाइज स्कूल में 7 वीं कक्षा का छात्र है। रविवार शाम को वह घर पर दिखाई नहीं पड़ा तो परिजनों को आशंका हुई कि अनिकेत कहां गया खोजबीन करने पर भी नहीं पता चला तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। कुछ ग्रामीणों ने किसी बाइक पर दो लोगों के साथ एक बच्चे को जाता देखकर परिजनों को सूचना दिया तो परिजन और हैरान परेशान हो गए। परिजन प्रधान सेमरी प्रमोद कुमार गुप्ता के साथ मीरगंज थाना जाकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट दर्ज होने पर पुलिस हरकत में आई और पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ के व्हाट्स ऐप ग्रुप पर अनिकेत के गुमशुदगी की सूचना शेयर कर दिया।रात में करीब 9 बजे आरपीएफ प्रतापगढ़ को स्टेशन पर एक बच्चा अकेले घूमता दिखाई दिया तो बच्चे से पूंछा तो उसने अपना परिचय बताया और कहा कि परिवार के लोग हमेशा डांटते फटकारते रहते हैं इसलिए नाराज होकर मैं ट्रेन से चला आया हूं। आरपीएफ ने मीरगंज पुलिस एवं अनिकेत के परिजनों को सूचित किया तो प्रधान सेमरी प्रमोद कुमार गुप्ता एवं चौकी प्रभारी जंघई रामविलास एवं परिजन रविवार रात में ही प्रतापगढ़ के लिए रवाना हो गए और देर रात अनिकेत को लेकर वापस घर लौटे तो परिजनों में छाई उदासी खुशी में बदल गई। अनिकेत के घर वापसी पर उसके दादा रामखेलावन और मां सुंदर देवी ने प्रशन्नता व्यक्त करते हुए प्रधान सेमरी, मीरगंज पुलिस एवं चौकी इंचार्ज जंघई को धन्यवाद दिया।

# खून जांच के नाम पर गरीबों का शोषण

## सीएचसी कोरांव : प्रत्येक रोगी से 50 रुपये जांच के नाम पर की जा रही वसूली

अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरांव के हालात बद से बेहतर होते जा रहे हैं।मनमानी वसूली का केंद्र बन चुके सीएचसी कोरांव में दवाओ का भी टोटा देखा जा रहा है। खून जांच के नाम पर गरीबों का सीधे तौर पर खून चूसा जा रहा है।सीएचसी आने वाले हर गरीब मरीज से खून जांच के नाम पर 50रुपए वसूली की जा रही है।पैसा न देने वाले रोगियों की जांच भी नहीं की जा रही है।ऐसे में क्षेत्रीय गरीब मरीजों में आक्रोश भी देखा जा रहा है।जांच केंद्र कछ में पहुंचने पर सीधे खून जांच सहायक व जांचकर्ता के द्वारा मलेरिया टाइफाइड जांच के नाम पर 50 रुपए प्रत्येक रोगी से देने की बात बोली जाती है।जांच के नाम पर लिए जा रहे पेसो के बारे मे मरीज पूछते है तो जॉच कर्ताओ द्वारा बताया जाता है कि मलेरिया की जांच निशुल्क होती हैं और मलेरिया टाइफाइड जांच में 50 रुपए प्रत्येक रोगी से लिया जाता है।सोमवार को मरीज चंद्रदेव सिंह पुत्र दसई सिंह निवासी गौरा उर्मिला देवी पत्नी भूपेंद्र निवासी महुगडी व छात्र मो0 जिशान रत्योरा ने बताया की हमे तीन दिन से खुबार आ रही है। पर्ची लेकर ड्राक्टर साहब को दिखाया तो उन्होंने जांच के लिए भेज दिया जांच रूम में गया तो जॉचकर्ता ने कहा सिरेंज मेडिकल स्टोर से खरीद कर ले आए उसके बाद जांच के नाम पर 50रुपए हमसे लिया गया है। और उपस्थित सभी मरीजों से लिया जा रहा था।

### सरकारी अस्पताल में मलेरिया टाइफाइड की दवाएं न होने से मरीजों की फजीहत फजीहत

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोरांव में मरीज के खून जांच में अगर मलेरिया टाइफाइड निकली तो समझ लें कि 500 रुपए जाना तय है।सीएचसी में बैठे मेडिकल ऑफिसर 500से अधिक की दवाएं बाहर मेडिकल स्टोर से खरीदने के लिए लिख देते हैं।मेडिकल स्टोरों से संचालको सेटिंग कर सरकारी अस्पताल में तैनात ड्राक्टर अच्छा मुनाफा कमा रहे हैं।सीएचसी कोरांव में बाहर की दवाएं लिखी जाना कोई नई बात नहीं है एक लम्बे समय से यह व्यवस्था चली आ रही है।अखिक्षक कोई भी बने किंतु बदलाव होते नहीं दिखाई देता है। पूर्वभाति से व्यवस्था चली आ रही है।सीएचसी में उपचार कराने आ रहे अधिकांश मरीजों को बाहर की दवाएं लिखी जा रही है। इस संदर्भ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज से बात करने की कोशिश की गई तो फोन से संपर्क नहीं हो पाया।

## जल जीवन मिशन : जल संबंधित शिकायतों को कराएं दर्ज

**प्रयागराज।** जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कार्य एवं पेयजल सम्बंधी शिकायतों को दूरभाष नं0 0532-2971624, मो0नं0-8840466544 पर कराया जा सकता है अंकित अधिशाषी अभियंता, खण्ड कार्यालय, जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज प्रवीण कुट्टी ने बताया है कि जनपद प्रयागराज के ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत विभिन्न निमार्णाधीन एवं अनुरक्षणाधीन पेयजल योजनाओं के कार्य संबंधी/पेयजल की समस्याओं की शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही है। उन्होंने बताया कि शिकायतों के निस्तारण में सुमगता व समयावधि में निस्तारण कराने हेतु खण्ड द्वारा समाधान रूम अधिष्ठापित किया गया है। शिकायतों को दूरभाष नं0 0532-2971624, मो0नं0-8840466544 पर प्रातः 09:00 बजे से सायं 06:00 बजे तक अंकित कराया जा सकता है।

## 12 ग्राम स्मैक के साथ एक गिरफ्तार, भेजा जेल

**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी दिघिया अंतर्गत मुखबिर की सूचना पर दिघिया गांव निवासी को बारह ग्राम स्मैक के गिरफ्तार किया गया । जिस पर मांडा पुलिस ने बरामद कर एनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही कर जेल भेज दिया है।गौरतलब हो कि सोमवार मांडा क्षेत्र के दिघिया पुलिस चौकी अन्तर्गत कर रहे देशी शराब, गांजा, स्मैक के निष्कर्षण के विरुद्ध कारोबारियों पर तंज कसने पुलिस पहुंची। वहीं मौके पर मुखबिर की सूचना पर सुबह लगभग सात बजे गंगा किनारे नरवर चौकठा से हरिश्चंद्र सोनकर निवासी दिघिया को पकड़ लिया और गिरफ्तार कर मांडा थाने लाकर पूछताछ व जामा तलाशी किया गया तो पास से बारह ग्राम स्मैक बरामद मिलने पर उक्त अभियुक्त के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की विधिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।गिरफ्तार करने वाले टीम में चौकी प्रभारी दिघिया आशीष कुमार यादव, राज किशोर वर्मा, प्रमोद कुमार आदि शामिल रहे। कार्यवाही से अवैध कारोबारियों मे हड़कंप मचा हुआ है।

## दो ट्रासंफार्मर का तेल चोरी ,पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा

**मऊआइमा।** मऊआइमा में बीती रात चोरों ने हररखपुर में लगे दो ट्रांसफार्मरों का तेल चोरी कर ले गए। जिससे क्षेत्र में विधुत आपूर्ति ठप पड गयी है। मऊआइमा क्षेत्र के हरखपुर कोल्डस्टोर स्थित एक ट्रासंफार्मर तथा गांव में लगे एक अन्य ट्रासंफार्मर का तेल चोर चोरी कर ले गए। जिससे पूरे इलाके में अंधेरा छाया हुआ है। किसानों को सिंचाई बंद हो गयी है।

## न्यायालय के आदेश पर 7 लोगों के खिलाफ बलबा, गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** चार माह पूर्व पडोसी से हुए मार पीट के मामले में एक वृद्ध की मौत हो गई थी। न्याय न मिलने पर पीडित परिजन न्यायालय में फरियाद लगाए न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने सात नामजद तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मऊआइमा थाना क्षेत्र के उमरिया बादल उर्फ गेंदा गांव निवासी दूधनाथ पुत्र ढंगू के परिजनों से 22 मई को पडोसियों से मार पीट हुई थी। जिसमें 24 मई को ढंगू 75 वर्ष पुत्र कल्लू की मौत हो गई थी। दूधनाथ का आरोप है कि उनके पिता ढंगू 75 वर्ष की हत्या का मुकदमा मऊआइमा पुलिस ने नहीं दर्ज किया था। दूधनाथ इसकी फरियाद न्यायालय में लगाई। न्यायालय के आदेश पर मऊआइमा पुलिस ने उमरिया बादल उर्फ गेंदा निवासी मनोज कुमार, अरूण कुमार, छोटई, वीरू, श्याम लाल, पिटाऊ, महेंद्र कुमार, तथा तीन अज्ञातों के खिलाफ मार पीट, बलबा, गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नवनियुक्त एडीओ पंचायत करछना का ब्लाक कर्मियों ने किया जोरदार स्वागत

**करछना।** विकास खंड करछना में सोमवार को नवनियुक्त एडीओ पंचायत रामशिरोमणि तिवारी ने अपना पद भार ग्रहण किया उस दौरान बड़ी संख्या में ब्लाक कर्मी एवं प्रधान तथा प्रधान प्रतिनिधियों ने नवनियुक्त एडीओ पंचायत का फूल माला एवं शाल पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की , स्वागत समारोह उपरांत नवनियुक्त एडीओ पंचायत ने समस्त विभागीय स्टाप को निर्देशित किया कि सभी विकास कार्यों सब मिल जुल कर अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करें जिससे विकास खंड करछना का मान बढ़ाया जा सके, इस मौके पर प्रधान पनासा नागेन्द्र पांडेय, प्रधान संघ के महा मंत्री प्रधान चनैनी धीतेश तिवारी, परमानंद मौर्य, दिनेश श्रीवास्तव, चंद्र प्रकाश तिवारी,बडेलाल पटेल, सुनील कुमार प्रधान कैथी, राजकुमार पटेल प्रधान महोरी, शिव गणेश पटेल प्रधान हथसरा, कमला कान्त शुक्ला, अतुल मिश्रा, दुष्यंत प्रताप सिंह,समर,राम नरेश,बाबा पांडेय श्याम बिहारी कैलाश चंद जयप्रकाश नारायण, मधुकर पांडेय, अनिल कुमार, श्याम बाबू, उदयभान सिंह, राकेश, सुरेश, अरविंद कुमार मनीष शुक्ला, ब्रजेश द्विवेदी,सोनू सिन्हा,लाल बहादुर, आशीष सिंह, दीपेश सिंह मनीष कुमार यादव सचिव, सहित समस्त ब्लाक कर्मी मौजूद रहे।

### ग्राम पंचायत अधिकारी की माता के निधन पर शोक

**सहसों।** चकिया हिनौता गांव निवासी राजेश कुमार सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी की माता जी 105 वर्षीया बलिराजा सिंह की रविवार को सायंकाल निधन हो जाने से लोगों में शोक व्याप्त है। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहीं थीं, निधन की जानकारी होने पर क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्ति एवं विकास खण्ड से जुड़े अधिकारी कर्मचारी उनके आवास पर पहुंचकर शोक संतप्त परिवारी जन को ढांढस बंधाते हुए शोक व्यक्त किया। इस अवसर पर लोगों ने श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित करते 2 मिनट का मौन रखकर मृतक आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। इस मौके पर पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी अभय राज सिंह, सर्वजीत पटेल बड़े बाबू , द्वारिका नाथ पांडे, राकेश यादव प्रधान पति, सुरेश यादव, मुन्ना सिंह, दीनानाथ पांडे, हरि निवास पांडे, जगदीश कुमार सिंह, नरेंद्र दुबे एडीओ पंचायत, मसुरिया दीन यादव, राजकुमार सिंह, सुनील सरोज, सुरेश जयसवाल, ननकउ तिवारी, अखिलेश यादव, अतुल सिंह, यशवंत यादव एवं शोकाकुल परिजन सहित आदि गणमान्य व्यक्ति श्रद्धांजलि अर्पित करते उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### मां जगदम्बा की भक्ति भावना में डूबे श्रद्धालु



**जारी।** कौंधियारा क्षेत्र के जारी कस्बे में शारदीय नवरात्र के पहले और दूसरे दिन मां के नौ स्वरूपो का पूजन करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए दिन सोमवार को जारी के प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर में घट स्थापना के साथ दूसरे दिन मां की आराधना की गई । वही पूजा कर रहे शैलेंद्र कुमार गुप्ता अपनी पत्नी संग मां की आराधना पूजन अर्चन विधि विधान पूर्वक मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए माता का आशीर्वाद लिया तो वही पूजा करा रहे पंडित मुकेश शुक्ला ने कहां की मां भगवती निष्काम भाव पवित्र स्थान व मन से पूजा करनी चाहिए कामना के अनुरूप कार्य संबंधी भक्तों की मनोकामना पूरी करने में सहायक होती है । इसी तरह क्षेत्र के कौंधियारा,बढ़हा, करछना रोड जारी गांव मिश्रा बाधं, मैदा कुड़ी गौहानी अतर सुईया लोटाढ़ आदि जगहों पर मंदिरों और पंडालो में मां भगवती की आराधना की जा रही है । तो वही गोविंद दास दुर्गा मंदिर, काली चौराहा कमेटी, न्यू बाल संघ कमेटी और प्राचीन बड़े हनुमान मंदिर जारी के सहयोग कताओं में कृपा शंकर तिवारी, मुरारी केसरवानी, गुड्डू केसरवानी , विकास गुप्ता, नीरज श्रीवास्तव, शोभित अग्रहरि, अशोक अग्रहरि, जितेन वर्मा ,शरद गुप्ता, नितेश गुप्ता आदि सार्वजनिक रूप से मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की जा रही है।

### आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर, वरूणा की बैठक में पदाधिकारियों का चयन

**प्रतापपुर।** आदर्श रामलीला कमेटी खोजापुर, वरूणा के तत्वावधान में प्रति वर्ष ऐतिहासिक रामलीला का मंचन किया जाता है इस वर्ष भी यह मंचन 27 अक्टूबर को प्रारम्भ होगा जिनके कुशल संचालन हेतु नई कमेटी का गठन किया गया है।पदाधिकारियों में ग्राम प्रधान भुलेश्वर नाथ तिवारी संरक्षक, अरविंद तिवारी अध्यक्ष, एडवोकेट सचिन तिवारी उपाध्यक्ष, रमेश तिवारी संयोजक, बासुचंद्र तिवारी कोषाध्यक्ष, मनोज तिवारी सचिव, दुष्यंत विश्वकर्मा व्यास, जितेद्र, यादव मंत्री, राजित राम यादव महामंत्री, संदीप तिवारी डायरेक्टर, प्रवीण तिवारी डायरेक्टर, नितिन त्रिपाठी डायरेक्टर, बालकृष्ण शुक्ला डायरेक्टर, बुदुल तिवारी को व्यवस्थापक बनाया गया है।इस अवसर पर वरिष्ठ पात्र अवधेश त्रिपाठी, निहाल तिवारी, दीपक तिवारी, नितिन तिवारी, विशाल तिवारी, मानिकचंद्र तिवारी, अनुराग तिवारी, विवेक तिवारी, सक्षम, गोलू, अनुभव, हर्ष, उज्जवल, प्रशांत विश्वकर्मा, पप्पू तिवारी, अनित तिवारी, प्रतीक तिवारी, अभिषेक यादव आदि लोग मौजूद रहे।यह जानकारी आदर्श रामलीला कमेटी के उपाध्यक्ष सचिन तिवारी एडवोकेट ने दिया है।

### दुर्गा पूजा पंडालों का अग्निशमन दल ने निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखी



**मेजा।** मेजा तहसील के सभी दुर्गा पूजा पंडालों में अग्निकांड से बचाव को लेकर अग्नि सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत अग्निशमन उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार चौरसिया ने सिपाही राजकुमार यादव के साथ सोमवार को सभी पूजा पंडालों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान दुर्गा पूजा पंडाल के सभी आयोजकों एवं पूजा पंडाल के वॉलिंटीयर्स को आग से बचाव हेतु कई सुझाव एवं जानकारी दी। अग्निशमन दल ने पूजा समिति से संबंधित पदाधिकारियों को जानकारी देते हुए कहा कि किसी तरह की गड़बड़ी होने पर अग्निशमन विभाग को सूचित करें ताकि समय रहते जान-माल की क्षति एवं पूजा पंडाल की सुरक्षा की जा सके। साथ ही अग्निशमन दल ने पदाधिकारियों का नंबर एवं नाम मुख्य दरवाजे के सामने मोटे अक्षरों में प्रदर्शित करें। पूजा स्थल पर अग्निशमन यंत्र और आसपास बालू भरी बाल्टी व एक ड्रम पानी रखें। भीड़ के मद्देनजर निकास द्वार की संख्या अधिक रखें। साथ ही, विद्युत अभियंता के दिशा निर्देश के आलोक में इतनी पंडाल में इलेक्ट्रिक लाइट व झालर का प्रयोग सुरक्षात्मक तरीके से करें। उन्होंने बताया कि अग्निशामक दास्तां 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। किसी भी परिस्थिति में आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन विभाग के अधिकारी व जवान हमेशा तत्पर रहेंगे हैं। इस मौके पर पाली केशरी,पंकज मोदनवाल मोदी,सक्षम श्रीवास्तव,मुकेश मोदनवाल,राजू केशरी,हिमांशु मोदनवाल,शनि गुप्ता और अजय यादव आदि मौजूद रहे।

### बाल विवाह उन्मूलन की दिलाई गई शपथ




मांडा। महिला सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत सोमवार को अपर पुलिस उपायुक्त अपराध कमिश्नरेट प्रयागराज के निदेर्शानुसार मांडा ब्लॉक परिसर में बाल विवाह उन्मूलन शपथ का आयोजन किया गया जिसमे मांडा पुलिस द्वारा कर्मचारियों को बाल विवाह उन्मूलन में सहयोग हेतु शपथ दिलाई गई। वही एसआई रितेश कुमार, संजू देवी,शाहनवाज खान ने ब्लॉक कर्मचारियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ व बाल विवाह रोकने के लिए सरकार के योजनाओ को विस्तार पूर्वक बताया । तथा उन्होंने बाल विवाह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ को लेकर मौजूद अधिकारियों,कर्मचारियों व प्रधानों के साथ आए हुए लोगों को इस कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की नसीहत दी। मौके पर उपस्थित ब्लॉक कर्मचारी आईएसबी जैनेंद्र कुमार राव, एडीओ पंचायत रमाकांत पांडेय ने बढ़ती शिशु मृत्यु दर पर भी चर्चा की और महिलाओं के लिए संचालित हेल्प लाइन 1090 सहित अन्य योजनाओं की जानकारी दी।

# कोरांव नगर पंचायत में दिन दिन भर लगता है जाम

अखंड भारत संदेश







**कोराव।** इन दिनों कोराव बाजार में पद यात्रियों वाहनों छात्रों इमरजेंसी वाहनों का आवागमन छड़ छड़ बाधित रहना आम बात हो गई है। तेज धूप या जो भी मौसम हो सड़क की पटरियां अतिक्रमित होने और वाहनों के बेतरतीब खड़े किए जाने दिनों दिन नगर की पटरियां पहले से भी और कम हो जाने से लोगों को मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। कोरांव नगर पंचायत में दिन दिन भर कोहडार मार्ग पर डग्गा मार वाहनों का दोनों पटरियों पर खड़ा कराया जाना और घंटों जाम में फंशे लोगों को झेलना कठिन हो गया है। नाली निर्माण कार्यदाई संस्थाएं खुले आम ट्रैक्टरों पर नोकीले सरिया लाद कर लोगों की जान जोखिम में डाल दिए हैं। जिससे किसी भी समय दुर्घटनाएं हो सकती हैं या किसी बाइक सवार की जान जा सकती है। कोरांव के मुख्य मार्ग मेजा वाली रोड और कोहड़ार मार्ग रोड ज्यादा तर अति व्यस्ततम मार्ग जानी जाती हैं वहां भी जाम हर समय लगने से इमरजेंसी वाहन या वीआईपी वाहनों एंबुलेंस आदि घंटों जाम में फंसे रहते हैं। जिससे समय से लोग जिला मुख्यालय या ब्लॉक तहसील मुख्यालय पहुंचना मुश्किल हो गया है। जाम में फसे महिलाएं बच्चे बुजुर्ग मरीज अव्यवस्था से क्षुब्ध हो कर स्थानीय प्रशासन को बद्दुआएं दे रहे हैं। कई बार लोगों ने पीस कमेटी की बैठकों में आवाज उठाई लेकिन आवाजें माहवारी देने वाले लोगों के आगे दब जाती है। जिससे जाम का झाम बरकरार है। डग्गामार वाहन जो कोहड़ार मार्ग पर बदस्तूर प्राइवेट बस स्टैंड कायम है,जाम से त्रस्त लोग खुद डग्गा मार वाहनों को सड़क के किनारे से ठेलते हुए एक किनारे लगाते हैं तब जा कर कहीं लोग गंतब्य स्थान पर आ जा सकते हैं यह दृश्य कोरांव में आसानी से देख सकते हैं। जाम के समय पुलिस बल भी नजर नहीं आते। इसी तरह लेंडियारी मार्ग पर भी बहुत बुरा चौराहे तथा मांडा वाली रोड पर जाम लगा रहता है। जिससे लोग यातायात में असुविधा के चलते परेशान दिखते हैं। जिला प्रशासन और पुलिस तथा नगर पंचायत प्रशासन का ध्यान आकृष्ट करते हुए आम जनों ने जिला पुलिस प्रमुख का भी ध्यान उक्त अव्यवस्था की ओर आकृष्ट किए हैं।

# अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू गैंगस्टर कोर्ट में किया गया पेश, डॉन बोला- मैं निर्दोष हूं

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** अंडरवर्ल्ड माफिया बबलू श्रीवास्तव को पुलिस सोमवार को दो बजे के बाद इलाहाबाद जिला न्यायालय स्थित गैंगस्टर कोर्ट में पेश किया गया। भोर में ही उसे बरेली से कौशाम्बी जेल लाया गया था। वहां से कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस उसे लेकर इलाहाबाद कचहरी पहुंची। आरोपी बबलू श्रीवस्तव की कारोबारी पंकज महिंद्रा अपहरण कांड मामले में गवाही होनी है। माफिया को गैंगस्टर अदालत के विशेष न्यायधीश विकास कुमार श्रीवास्तव की कोर्ट में पेश किया गया। इस दौरान कोर्ट से उसने कहा कि मैं निर्दोष हूं, मेरे साथ न्याय किया जाए। अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव को कौशाम्बी जिला जेल में रखा गया था। दोपहर 12 बजे पुलिस उसे जेल से निकालकर प्रयागराज रवाना होगी। काफिले की सुरक्षा में चार सब इंस्पेक्टर एक इंस्पेक्टर और 40 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। डिप्टी एसपी रैंक के एक अधिकारी भी सुरक्षा व्यवस्था में लगाए गए हैं। इलाहाबाद जिला कोर्ट भी छावनी में तब्दील है। कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था बेहद कड़ी कर दी गई है। 8 साल पहले हुए सरार्फा कारोबारी पंकज महेंद्रा अपहरण कांड में अंडरवर्ल्ड डॉन बबलू श्रीवास्तव की सोमवार को गवाही होनी है। गैंगस्टर स्पेशल कोर्ट में उसे पेश किया गया।





**यह था पूरा मामला :** पांच सितंबर 2015 की रात दुकान बंद करके कार से घर जाते समय सराफा व्यवसायी को अगवा किया गया था। सराफा व्यवसायी पंकज महिंद्रा की जवाहर स्क्वायर कोतवाली क्षेत्र में ज्वैलरी की दुकान थी। बदमाशों ने उनकी कार संगम स्थित बंधवा में लेटे हनुमान मंदिर के पास छोड़ दी थी। फिरौती के रूप में 10 करोड़ रुपये मांगे गए थे। बाद में पुलिस ने फतेहपुर जिले के एक फार्म हाउस में रात को छापा मारा तो सराफ पंकज महिंद्रा बंधे पड़े थे। पुलिस ने मौके से माफिया के भांजे विकल्प श्रीवास्तव उर्फ गोलू पुत्र तरुण कुमार श्रीवास्तव, गोरखपुर निवासी महेंद्र यादव, सच्चिदानंद यादव उर्फ सचिता, बरेठी थाना थरवई निवासी चंद्रमोहन उर्फ बब्लू यादव को गिरफ्तार किया था। इनके पास से 9 एमएम व 32 बोर की दो पिस्टलें, 315 बोर का तमंचा, आल्टो कार, लैपटॉप, मोबाइल, फर्जी सिमकार्ड आदि बरामद हुए थे।

## प्रॉपर्टी डीलर की हत्या में नामजद आरोपी के घर बुल्डोजर चलने की चर्चा

**झूंसी।** नैका गांव निवासी प्रापर्टी डीलर सत्यपाल भारतीया की हत्या में नामजद आरोपी शिवकुमार उर्फ ननका की अभी गिरफ्तारी नही हुआ है। सोमवार की सुबह ननका के घर के पास खड़े बुल्डोजर के देख लोगो मे खलबली मच गई। पूरे दिन लोगो मे चर्चा रही कि आज आरोपो के घर पर बुल्डोजर चलेगा। दो दिन पहले छतनाग गंगा घाट पर तर्पण के लिए जा रहे सत्यपाल भारतीया उर्फ बाबा लाल की जमीनी रंजिश में दौड़ा कर गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। नामजद आरोपी ननका की तलाश में झूंसी पुलिस के साथ क्राइम ब्रांच की भी टीम लगी है पर अभी वह पकड़ा नही गया। सोमवार की सुबह एक बुल्डोजर आरोपी ननका के घर से कुछ दूर पर खड़ा देख लोगो मे चर्चा शुरू हो गई की ननका फरार है इस वजह से उसका घर गिराया जाएगा। इस वजह से आरोपी ननका के घर के बहर लोगो की चहल कर्मी रही।

# निठारी कांड में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फैसला पलटा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** नोएडा के निठारी कांड में सुरेंद्र कोली और मोनिंदर सिंह पंधेर की अपील इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मंजूर कर ली। गाजियाबाद की उइककोर्ट ने उन्हें पहले फांसी की सजा सुनाई थी। इस पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। निठारी मामले में टोटल 14 केस में हाईकोर्ट ने दोषियों को बरी किया है। इसमें कोली को 12 और पंधेर को 2 मामलों में राहत मिली है।हालांकि कोली को सुप्रीम कोर्ट ने एक केस में फांसी की सजा सुनाई है। जो फिलहाल बरकरार रहेगी। ये फैसला जस्टिस अश्वनी कुमार मिश्र और जस्टिस एसएचए रिजवी की बेंच ने सुनाया है। लंबी चली बहस के बाद अपीलों पर फैसला सितंबर में सुरक्षित कर लिया गया था।

**पंधेर सभी मुकदमों में बरी हुआ :** मोनिंदर सिंह पंधेर की वकील मनीषा भंडारी ने कहा, सेशन कोर्ट की फांसी की सजा के फैसले के खिलाफ अपील दाखिल की थी। दोनों मुकदमों में पंधेर को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बरी किया है। अब पंधेर के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं है। कुल छह मुकदमों में सेशन ट्रायल थे। एक मुकदमा 2010 में हाईकोर्ट रद्द कर चुका है। तीन में सेशन कोर्ट ने बरी किया था। दो मुकदमों में फांसी हुई थी, जिनमें पंधेर आज बरी हुए हैं।

**सीबीआई के वकील बोले- फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज करेंगे**

सीबीआई के वकील संजय यादव ने कहा, "रिम्पा हल्दर मर्डर केस में सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा ट्रायल कोर्ट से सुनाई जा चुकी है। सुप्रीम कोर्ट ने भी इस सजा को बरकरार रखा है। इस मुकदमे में जो एविडेंस थे, वही एविडेंस बाकी मुकदमों में थे। हम हैरत में हैं कि एक जैसे साक्ष्य होने पर हाईकोर्ट ने बाकी मुकदमों में सुरेंद्र कोली को कैसे बरी कर दिया। हम इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज करेंगे। रिम्पा हलदर नाम की लड़की की 2005 में हत्या हुई। इस जुर्म में निचली अदालत ने सुरेंद्र कोली को फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट इलाहाबाद ने भी इस फैसले को बरकरार रखा था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी 15 फरवरी 2011 को इस फैसले पर अपनी मुहर लगाई थी।

# कोड़ापुर गांव के सचिवालय में सीओ चकबंदी ने किया मुकदमों का निस्तारण

अखंड भारत संदेश

**25 मुकदमों का निस्तारण, 21 मुकदमे में मिली तारीख**



**फूलपुर।** फूलपुर विकास खण्ड के कोड़ापुर गांव में सोमवार को चकबंदी विभाग की कोर्ट बैठी जिसमें मुकदमे का निस्तारण करने की कार्रवाई की गई। सी ओ चकबंदी सुखेंद्र सिंह यादव ने चकबंदी प्रक्रिया में चल रहे कुल 46 मुकदमों की सुनवाई ग्रामीणों के बीच की जिसमे मौके पर वरासत सहित अन्य कुल 25 मुकदमों का निस्तारण कर दिया गया।शेष मुकदमे में तारीख निर्धारित कर दी गई। सी ओ चकबंदी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा की अन्यत्र भागदौड़ न कर किसान गांव स्तर पर लग रही कोर्ट में ग्रामीणों के बीच अपनी सच्चाई को बया कर मुकदमों का निस्तारण करवा ले इससे अच्छा अन्य कोई रास्ता नही है। अध्यक्षता करते हुए ग्राम प्रधान फूलकली रावत ने ग्रामीणों से इस सुअवसर का लाभ उठाने की बात कही। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार प्रधानपति मौजी लाल रावत,पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष बी०डी सिंह, पेशकार विजय सिंह,लेखपाल राय साहब,पप्पू यादव, हरिप्रकाश दूबे, दिनेश दूबे, कमलेश दूबे, कड़ेदीन चौधरी, रूप चंद्र यादव,अमृत लाल मौर्य,राम कैलाश मौर्य, संतोष कुमार पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## रामलीला मंचन को लेकर दो पक्षो में तनाव, कमेटी ने डीएम से की शिकायत

**हनुमानगंज।** सरायइनायत थाना क्षेत्र के हनुमानगंज रामलीला मैदान में अवैध अतिक्रमण को लेकर हफ्ते भर से आरोप पत्यारोप दौर चल रहा था। अब रामलीला मंचन को लेकर रार शुरू हो गई है। जिसकी शिकायत कमेटी के अध्यक्ष ने जिलाधिकारी से की। वाराणसी प्रयागराज मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण की वजह से लोगों ने पटरी से अपनी गुमटी व मलवे को हनुमानगंज रामलीला मैदान में रख दिया। रामलीला मंचन शुरू होने से कुछ दिन पहले थाने पर पीस कमेटी की बैठक में कमेटी के सदस्यों ने अवैध अभिक्रमण का मुद्दा उठाया जिसके बाद भी रामलीला मैदान अतिक्रमण मुक्त नहीं हुआ। तब मामले की शिकायत जिला अधिकारी से पुलिस कमिश्नर से की गई राजस्व टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची कुछ लोग ने अपने अपने समान हटा भी लिए पर कुछ रसूखदार अपनी गुमटी व मालवा हटाने से इनकार कर दिया। अतिक्रमण कारियो के विरोध के आगे राजस्व टीम बेरंग लौट आई।अब रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश कुमार केसरवानी का आरोप है अतिक्रमण करने वाले ही जबरदस्ती उसी मैदान में अपनी अलग रामलीला करने जा रहे हैं। जिसकी लेकर दोनो पक्षो में तनाव व्याप्त हो गया है।

# यूनाइटेड यूनिवर्सिटी ने हैकथॉन प्रतियोगिता यूहैक 2.0 में जीता प्रथम पुरस्कार

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च (यूसीईआर), नैनी द्वारा इंजीनियरिंग छात्रों के लिए आयोजित दो दिवसीय हैकथॉन प्रतियोगिता ह्ययूहैक 2.0 का समापन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में इलाहाबाद विश्वविद्यालय (एयू), मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एमएनएनआईटी), शंभूनाथ और यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (यूयू) सहित प्रयागराज के विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों की 43 टीमों ने भाग लिया। डीन छात्र कल्याण, यूसीईआर प्रो नंदिता प्रधान ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को अपने नवीन विचारों को लागू करके विभिन्न क्षेत्रों की गंभीर समस्याओं को हल करने के लिए एक मंच प्रदान करना था। प्रतियोगिता में यूनाइटेड यूनिवर्सिटी (यूयू) की टीम कांगी जैंड्स ने पहला स्थान हासिल किया और 20,000 रुपये का नकद इनाम जीता। वहीं, यूसीईआर की टीम राइज टुगेदर 10,000 नगद पुरस्कार के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसी प्रकार, यूआईटी और यूसीईआर की टीम पुष्पक ने संयुक्त रूप से 5000 रुपये का नकद इनाम जीतकर तीसरे स्थान पर रही। सर्वश्रेष्ठ यूआई यूएक्स के लिए दो विशेष श्रेणी के पुरस्कार एमएनएनआईटी के वाल्ट्रीक ने जीते और सर्वश्रेष्ठ इनोवेटिव आइडिया का पुरस्कार यूसीईआर की टीम इनिशिएट ने जीता। मुख्य अतिथि और डिजाइन प्रमुख, शिरडी साईं इलेक्ट्रिकल लिमिटेड, नैनी तन्वी श्रीवास्तव, डीन एकेडमिक डॉ. सुधांशु कनौजिया और डीन, पी एंड डी डॉ. स्वप्निल श्रीवास्तव ने कार्यक्रम के विजेताओं को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र, उपहार और नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। हैकथॉन की प्रशंसा करते हुए तन्वी श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों को समस्याओं पर गहराई से चिंतन करने और अपने विचारों का उपयोग करके उनका सर्वोत्तम समाधान ढूंढने के लिए प्रेरित करते हैं।

यूसीईआर के प्राचार्य प्रोफेसर एचपी शुक्ला ने मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) के वाइस चेयरमैन सतपाल गुलाटी और वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रो नंदिता प्रधान ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन यूसीईआर के एचओडी सीएस डॉ. विजय द्विवेदी के मार्गदर्शन में डॉ. हिमांशु राय ने किया।

## नवरात्रि में खुलवाइए बेटियों के लिए सुकन्या खाता



**प्रयागराज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत शुरू किए गए 'सुकन्या समृद्धि योजना' का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने 'समृद्ध सुकन्या-समृद्ध समाज' अभियान चलाया है। इसके तहत विभाग अब हर घर में पहुंचेगा। प्रयागराज परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव के निर्देश पर 7 जिलों - प्रयागराज, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, सोनभद्र, मिजार्पुर, सुल्तानपुर व अमेठी जिले में अभियान चलाया जायेगा। प्रयागराज परिक्षेत्र के डाकघरों में अब तक 3 लाख सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं।पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि सुकन्या समृद्धि योजना के तहत मात्र 250 रुपये से 10 वर्ष तक की बेटियों का खाता डाकघर में खुलवाया जा सकता है। इसमें 8.0% ब्याज है, जो कि किसी भी लघु बचत योजना से अधिक है। यह खाता बेटियों की पढ़ाई एवं शादी के लिए एक वरदान की तरह है। आयकर की धारा 80 सी के तहत आयकर में डेढ़ लाख तक की छूट का भी प्रावधान इस खाते में है।

**किसी भी नजदीकी डाकघर में खुलवाएं खाता**

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि नवरात्रि के दौरान परिवार की बेटियों का डाकघर में सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाकर कन्या पूजन कर सकते हैं। यह कार्य नवरात्रि में किया जाए तो और भी पुण्य मिलेगा। नवरात्रि में कन्याओं का बहुत महत्व होता है। इस दौरान कन्याओं को पूजा के लिए घर पर आमंत्रित कर उपहार देने की भी परंपरा है।प्रयागराज के प्रवर अधीक्षक डाकघर अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि सुकन्या समृद्धि खाता खुलवाने के लिए बिटिया के जन्म प्रमाण पत्र की प्रति और उसके माता या पिता के आधार कार्ड की प्रति और दो फोटो के साथ नजदीकी डाकघर में संपर्क किया जा सकता है।

# विश्व में साहसिक निर्णय लेने के क्षमता के लिए पीएम नरेन्द्र मोदी की पहचान है : दिलीप पटेल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** देश की आधी आबादी महिला सशक्तिकरण विल पास कराने की किसी भी राजनैतिक दल के पास वह साहस नहीं था कि इस महिला आरक्षण विल को लोकसभा में पास करने के लिए पेश करें। लेकिन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिनकी पहचान देश ही नहीं पूरे विश्व में साहसिक कदम और निर्णय लेने की क्षमता के लिए जाना जाता है। ऐसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का हम सभी कार्यकर्ता नारीशक्ति वंदन अधिनियम पास कराने के लिए आभार एवं अभिनंदन व्यक्त करते हैं। उक्त बातें मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने सोमवार को अनघ मंडपम करछना में भाजपा कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कही। क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल ने कहा सभी विधानसभाओं मे महिला सम्मेलन का सफल आयोजन हो इसकी चिंता सभी को करना है। अनूसूचित महासम्मेलन काशी क्षेत्र का आयोजन अब 30 अक्टूबर 2023 को सोरांव में आयोजित होंगे जिसमें सभी शक्ति केन्द्रों से अनूसूचित वर्ग की लोगों की सहभागिता रहें। साथ ही वाराणसी में जाड़ता राजा के नाट्य मंचन को 23 नवम्बर 2023 को प्रयागराज से दस हजार की संख्या पहुंच कर जीवंत नाटक देखने का सौभाग्य प्राप्त करेंगे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा सभी कार्यकताओं को अनूसूचित वस्तियों में जाकर आयूष्मान धारको को आयुष्मान कार्ड के लाभ को बताना होगा। कार्यकताओं के मेहनत से ही फिर एक बार मोदी सरकार बनेगी। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने यमुनापार की सीमा से जगह-जगह हो रहे स्वागत अभिनंदन पर आभार जताया। जिलाध्यक्ष विनोद प्रजापति ने मुख्य अतिथि दिलीप पटेल, सांसद पत्रों.रीता बहुगुणा जोशी, जिला प्रभारी ओंकार केशरी सहित सभी मंचस्थो का बुके अंगवस्त्रम् भेंटकर स्वागत सम्बोधन करते हुए कहा कि 2024 में पिछले चुनाव से ज्यादा मतों से बोट दिलाकर लोकसभा प्रत्याशी को विजई बनाने का कार्य कार्यकताओं के सहयोग से करूंगा। सांसद प्रो.रीता बहुगुणा जोशी ने कहा 2024 में यमुनापार के कार्यकताओं के मेहनत से इलाहाबाद में पुनः कमल खिलेगा और जनता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। जिला प्रभारी ओंकार नाथ केशरी ने सभी अतिथियों का सम्बोधन के माध्यम से आभार व्यक्त करते हुए कहा की संगठनात्मक कार्यो को पूरा करना जीत की गारंटी होगी। जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया की सर्व प्रथम दीप प्रज्जवलित कर पं.दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर पुष्पार्चन करते हुए वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री राजेश शुक्ला ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती, शिवदत्त पटेल, विभूति नारायण सिंह, पूर्व विधायक कलेक्टर पांडेय, ब्लाक प्रमुख निर्मला देवी, मुकेश कोल, अनिल सिंह पटेल, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी, गंगा प्रसाद मिश्रा, पप्पू गौतम, महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, विक्रमादित्य मौर्य, कार्यक्रम संयोजक जय सिंह पटेल,त्रिवेणी प्रसाद पांडे, ज्ञान सिंह पटेल, राजेश्वरी तिवारी, संतोष त्रिपाठी, अशोक पाण्डे, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, मंडल अध्यक्ष करछना पंकज द्विवेदी, राजमणि पासवान, सविता मिश्रा, सुधाकर पाण्डेय, कुशल जैन, डॉ.संगम मिश्र, राजकुमार मिश्र, संकर्षण शरण आदि के साथ जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारी,मंडल अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि आदि के साथ भारी संख्या में कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कपुरी में तीन दिन से लापता विक्षिप्त युवक की मिली लाश

अखंड भारत संदेश

**पुलिस ने सिनाख़्त होने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**



**कोरांव।** कोरांव थाना क्षेत्र के कपुरी पहाड़ी पर एक गहरी खदान में लोगों ने एक शव देखा तो गांव में सनसनी फैल गई। शव मिलने की सूचना पर खदान के पास ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। खदान बहुत गहरी थी शव नीचे होने के कारण कोई कूदने को तैयार नहीं था। सूचना पाकर मौके पर पुलिस भी पहुंच गई। ऊपर से किसी भी ग्रामीण के द्वारा लाश की शिनाख्त नहीं की जा सकी। ग्रामीणों ने हरियरी गांव से लापता हुए एक विक्षिप्त युवक की सूचना हरियरी बेलहट गांव दी लापता विक्षिप्त युवक के पिता भृगुनाथ ने शव की शिनाख्त अपने बेटे मनोज (22) के रूप में की। पिता भृगुनाथ ने बताया कि 3 वर्ष पूर्व अचानक दिमागी रूप से विक्षिप्त हो जाने के कारण इलाज चल रहा था। 3 दिन पूर्व वह घर से अचानक किधर निकल गया था कोई जानकारी नहीं मिली। काफी खोज बिन करने के बाद भी कहीं कुछ अता-पता नहीं चल पा रहा था। चर्चा रही की विक्षिप्त युवक घूमते घूमते का कपुरी पहाड़ी पर स्थित गहरी खदान के पास पहुंच गया और उसी में गिर जाने के कारण उसकी मौत हो गई। हालांकि शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा। मृतक मनोज चार भाइयों में दूसरे नंबर का था। हादसे के बाद पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल था।

## मह्रषि चौराहे पर शव रखकर चक्काजाम का प्रयास

**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के शाहजी का पुरा इलाके में रविवार को सपना (24) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई थी। बतादें कि कर्नलगंज इलाके में रहने वाले रामकैलाश की बेटी सपना (24) की शादी शाहजी का पुरा इलाके में रहने वाले ऑटो मैकेनिक विजय कुमार के साथ हुई थी। रविवार को सपना की इसके ससुराल में संदिग्ध परिस्थियों में मौत हो गई थी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद सपना का शव लेकर उसके परिजन नैनी स्थिति महर्षि चौराहे के पास पहुंच गए और चक्काजाम करने का प्रयास करने लगे। सूचना पर इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए और परिजनों से तहरीर देने की बात कही। इंस्पेक्टर के समझाने के बाद लोग शव लेकर वहां से चले गए। इंस्पेक्टर नैनी यशपाल सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने दहेज हत्या की तहरीर दी है। रिपोर्ट दर्ज कराई जा रही है। जाम जैसी कोई बात नही थी।



## लंकापति रावण की पराक्रम का हुआ मंचन

**प्रयागराज।** सिविल लाइंस के श्री श्री बाल रामलीला समिति में सोमवार को रावण पराक्रम का मंचन किया गया जिसमें रावण की शक्ति ताकत वह उसकी शिव भक्ति को भी दशार्या गया। रावण, वो रावण जो लंका का राजा था, महाप्रतापी, पराक्रमी, त्रिपुंडधारी, शास्त्रों का ज्ञाता और प्रकांड विद्वान न जाने कितने ही विशेषण है जो ऋषि विश्रवा के पुत्र दशासन का व्यक्तित्व को दशार्या गया था। और रावण के आते ही उसकी हंशी हा.हाँ. हाँ.हाहाहा.देखते ही दर्शकों ने उसके पात्र की प्रशंसा में तालिया बजाई जिससे पूरा प्रांगण तालियों से गूंज गया। मेघनाद ने गुस्से में आकर इंद्र से युद्ध किया. उसने इंद्र को हरा दिया और उसे अपने रथ से बांधकर धरती पर ले गया. ब्रह्मा जी को डर था कि मेघनाद देवताओं के राजा इंद्र को मार सकता है. इसलिए, ब्रह्मा जी ने मेघनाद को वरदान के बदले इंद्र को रिहा करने के लिए कहा जिसका मंचन किया गया।

# दुर्गा पूजा पंडाल में भारी संख्या में भक्त मौजूद हुए





अखंड भारत संदेश

**नैनी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वरा ये 13 वे वर्ष माँ का पंडाल लगाया गया है जिसमे माता की प्रतिमा का आगमन काफी धूम धाम से किया गया**

**नैनी।** नैनी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति हनुमान नगर द्वरा दुर्गा पूजा पंडाल मे दूसरे दिन आरती एवं पूजा हुआ जिसमे भरी संख्या मे भक्त जन मौजूद रहे एव माता रानी को भोग लगाकर लोगों में प्रसाद बाटा गया। नैनी सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वरा ये 13 वे वर्ष माँ का पंडाल लगाया गया है जिसमे माता की प्रतिमा का आगमन काफी धूम धाम से किया गया। जिसमे मुख्य रूप से सम्मिलित कार्यकर्ता जन शिविन केशरवानी, रितिक चौरसिया, कुणाल चौरसिया, अभिषेक शर्मा, अंकित जैसवाल, प्रित जैसवाल, अनमोल जैसवाल, अनुज जैसवाल एवं इत्यदि भक्त जन।

# किसी भी पीड़ित के साथ नहीं होगा अन्याय: जिलाधिकारी

## डीएम व एसपी ने प्रेसवार्ता में भूमि विवादों के निस्तारण पर रखी अपनी बात

**अखंड भारत संदेश**



प्रेसवार्ता में बोलते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक।

**प्रतापगढ़।** भूमि एवं राजस्व संबंधित विवादों के निस्तारण के लिए डीएम संजीव रंजन और एसपी सतपाल अंतिल ने आज सोमवार को पुलिस लाइन में स्थित सई काम्प्लेक्स प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान अधिकारियों ने कहा कि किसी भी पीड़ित के साथ अन्याय न हो। राजस्व टीम के साथ पुलिस टीम इस मामले में जल्द से जल्द निस्तारण करे।

जिलाधिकारी ने कहा कि पिछले 10 दिनों में हो रहे राजस्व के मामलों के निस्तारण से यह मुहीम सफल होगी। सर्वे के तहत गांव गांव लगेगा आने वाले समय में चैपाल लगेगी जिससे राजस्व के मामलों को निस्तारण करने में आसानी होगी।

भूमि विवादों को ससमय समाधान सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत राजस्व अधिकारियों व थाना प्रभारियों को थानावार नोडल मजिस्ट्रेट/अधिकारी को नामित किया गया है। जिले के कप्तान सतपाल अंतिल ने कहा कि प्रत्येक थानें पर बीटवार एक ग्राम/मोहल्ला विवाद रजिस्टर बनाया गया है, जिसमें सम्पत्ति, पट्टीदारी, पुरानी रंजिश (हत्या आ अन्य अपराध के कारण), नाली/पायदान, रास्ते मेड़ का विवाद, राजनैतिक पार्टीबंदी गुटबंदी आदि विवाद को छाँटकर उसकी प्रविष्टि उपरोक्त रजिस्टर में दर्ज होगी। थानों के पुराने अभिलेखों का परिशीलन करने हेतु आदेशित किया गया। थानाध्यक्ष/हल्का उपनिरीक्षक मय बीट आरक्षी के तत्काल विवाद वाले ग्राम/मोहल्ले में स्वयं जाये तथा मौके पर दोनो पक्षों के बीच यथासंभव समझौता कराया जायेगा। प्रेसवार्ता में एडिशनल पूर्वी विद्या सागर, एडिशनल पश्चिमी रोहित मिश्रा भी मौजूद रहे।

### पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरई निवासी रमेश कुमार पुत्र स्व. रामसुंदर ने पुलिस अधीक्षक को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती दस अगस्त 2022 को संग्रामगढ़ के अर्रो निवासी अनिल कुमार पुत्र कृपाशंकर, नौढ़िया के रामनेवाज पुत्र बैजनाथ समेत विमलेश पत्नी अनिल कुमार तिवारी व कुसुम पत्नी रामचंद्र यादव निवासी अज्ञात ने कागजात में जालसाजी कर उसके पिता के नाम जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। पुलिस से मामले की शिकायत की गयी लेकिन कार्रवाई नही हुई। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोमवार को लालगंज कोतवाली में अनिल कुमार समेत चारों आरोपियो के खिलाफ जालसाजी व धोखाधड़ी का केस दर्ज हुआ है।

# परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को वितरित किये गये टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के चार ब्लाकों में परिषदीय विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए टैबलेट का वितरण किया गया। बीआरसी केन्द्रों पर आयोजित समारोह में परिषदीय विद्यालयों के दो वरिष्ठ शिक्षकों के साथ एकल विद्यालयों में एक शिक्षक को टैबलेट वितरित किया गया।

प्रदेश सरकार परिषदीय विद्यालयों में शिक्षकों की मनमानी पर लगाम कसने के साथ ही शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए सोमवार को टैबलेट वितरित कराया। शासन के निर्देश पर लालगंज बीआरसी केन्द्र पर आयोजित समारोह के दौरान बीडीओ इंदुप्रकाश श्रीवास्तव ने एक सौ सोलह परिषदीय विद्यालयों के एक सौ नब्बे शिक्षकों को टैबलेट वितरण किया।

कार्यक्रम का संयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रभाकर यादव व संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र ने किया। इस मौके पर महामंत्री विष्णु सिंह, वीरेश सिंह, प्रदीप पाण्डेय, संजीव द्विवेदी, ऋषि द्विवेदी, संजीव तिवारी, राजीव द्विवेदी आदि मौजूद रहे। वहीं रामपुर संग्रामगढ़ विकासखण्ड में खण्ड शिक्षा अधिकारी रविशंकर उपाध्याय व प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश पाण्डेय के संयोजन में बीडीओ अश्विनी सोनकर ने एक सौ चैबीस विद्यालयों के दो सौ ग्यारह शिक्षकों को टैबलेट प्रदान किया। यहां जितेन्द्र शुक्ल, अजय सिंह, रेनू सिंह, पूनम सिंह, राकेश कुमार सिंह, पंकज त्रिपाठी, आशीष द्विवेदी, देवेश तिवारी आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में सांगीपुर में एक सौ छब्बीस परिषदीय विद्यालयों में दो सौ चैवालिस टैबलेट वितरित किये गये। वही लक्ष्मणपुर विकासखण्ड के बीआरसी केन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान एक सौ पचीस परिषदीय विद्यालयों के दो सौ दो शिक्षकों को टैबलेट वितरित किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जंगी लाल, शिक्षक संघ अध्यक्ष धर्मेन्द्र शुक्ल, आशुतोष मिश्र, अखिलेश द्विवेदी, गिरीश शुक्ल, संतोष तिवारी, विवेक तिवारी, मनोज मिश्र आदि मौजूद रहे।

### आज आएंगी केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**प्रतापगढ़।** मंगलवार को अपना दल (एस) के तत्वाधान में डॉ. सोनेलाल पटेल जी के परिनिर्वाण दिवस पर जनपद प्रतापगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज (जीआईसी) मैदान में विशाल संकल्प सभा का आयोजन किया गया है। सभा में मुख्य अतिथि के तौर पर अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल संबोधित करेंगी। सभा में प्रदेश अध्यक्ष श्री राजकुमार पाल सहित पार्टी के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यह जानकारी परमानंद मिश्र प्रदेश महासचिव अपना दल एस विधि मंच उत्तर प्रदेश ने दी।

# जमीनी विवाद में मां व दो बेटियों को दबंगों ने तमंचे की बट से पीटकर किया मरणासन्न, केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जमीनी विवाद को लेकर दबंगो ने घर के सामने बैठी महिला व उसकी दो बेटियों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने तीनों को तमंचे की बट व लाठी डंडो से मारपीट कर अधमरा कर दिया। शिकायत पर केस दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है। लालगंज कोतवाली के चकवा कौशिल्यापुर के रहने वाले रामविलास कोरी की पत्नी कुसुमा देवी कोरी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि जमीनी विवाद के चलते दबंग किस्म के टोडरपुर निवासी अनंतराम पटेल, दरिहट के फूलचंद्र पटेल व मधुकरपुर के हरीलाल पटेल ने तमंचा व लाठी डण्डा लेकर घर पर धावा बोल दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर कुसुमा देवी की जमकर पिटाई कर दी। बीचबचाव करने पहुंची बेटी कल्पना व अलका देवी को भी सरहंगों ने तमंचे के बट व डण्डो से मारपीट कर अधमरा कर दिया। आरोपियो ने पुत्रियों के साथ बदसलूकी करते हुए कपड़े भी फाड़ दिये। ग्रामीण बीचबचाव करने पहुंचे तो हमलावर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए चले गये। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न, छेडछाड, मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज किया है। कोतवाल अवन दीक्षित ने बताया कि जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।

# श्री रामलीला समिति ने निकाली माता सीता उत्पत्ति की झांकी

## जगह-जगह राम भक्तों ने उतारी माता की आरती

**अखंड भारत संदेश**



माता सीता उत्पति की झांकी में शामिल कलाकार।

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आयोजित रामलीला में आज दूसरे दिन राजा जनक हल चला रहे थे हल चलाते हुए हल खेत में एक जगह रुक गया वहां पर खुदाई करने पर एक घड़े में माता सीता की उत्पत्ति हुई की लीला प्रस्तुत की गई। जगह-जगह राम भक्त माता सीता की आरती उतार रहे थे।

झांकी श्री राम गोपाल मंदिर से समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, मंत्री विपिन गुप्ता, संयोजक दिनेश सिंह ह्वदिन्नूह्व, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, बंटी नेता, विष्णु सोनी आदि ने आरती किया। लीला की झांकी गोपाल मंदिर से चैक बजाजा से चैक ठठेरी बाजार होते हुए सदर चैराहा से वापसी सिप्टैन रोड, जेल रोड से वाचनालय से बाबागंज होते हुए स्टेशन से वापसी पंजाबी मार्केट से श्री रामगोपाल मंदिर आकर समापन किया गया। इस अवसर पर राजू शर्मा, धर्मेंद्र चैरसिया, धर्मेंद्र सिंह, छेदीलाल, विवेक यादव, शिवम खंडेलवाल, प्रकाश आदि उपस्थित रहे। संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि 17 अक्टूबर को मुनि आगमन व ताड़का वध की लीला की झांकी श्री रामलीला समिति द्वारा निकाली जाएगी।

# प्रेम और सद्भावना की मिसाल थे बद्री प्रसाद पाण्डेय: सांसद

## अष्टभुजा विद्या निकेतन इण्टर कालेज परिसर में हुआ राष्ट्रीय सद्भावना समारोह

**अखंड भारत संदेश**



राष्ट्रीय सद्भावना समारोह में बोलते सांसद संगम लाल गुप्ता।

**प्रतापगढ़।** पूर्व प्रधानाचार्य और समाज सुधारक पण्डित बद्री प्रसाद पाण्डेय की स्मृति में जेठवारा के अष्टभुजा विद्या निकेतन इण्टर कालेज परिसर में राष्ट्रीय सद्भावना समारोह का आयोजन हुआ। समारोह के मुख्य अतिथि महामहिम राज्यपाल के विशेष कार्याधिकारी श्याम शंकर उपाध्याय और मुख्य वक्ता विश्व वैदिक धर्म संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता परम पूज्य मानस किंकर जी महाराज थे। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतापगढ़ के लोकसभा सांसद संगम लाल गुप्ता ने किया और संचालन पण्डित बद्री प्रसाद पाण्डेय स्मारक समिति के सचिव अशोक कुमार मिश्र ने किया। समारोह का उद्घाटन करते हुए क्षेत्रीय सांसद ने कहा कि पण्डित बद्री प्रसाद पाण्डेय ने प्रेम और सद्भावना की एक मिसाल कायम किया था।

उनके पदचिन्हों पर चलकर हम समाज में शांति और प्रगति हासिल कर सकते हैं। अन्य वक्ताओं ने पण्डित बद्री प्रसाद पाण्डेय के संस्मरण सुनाते हुए उनको भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। मुख्य अतिथि श्याम शंकर उपाध्याय ने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति अनादि काल से संपूर्ण मानवता को एक परिवार मानती रही है। मुख्य वक्ता पूज्य मानस किंकर जी महाराज (राष्ट्रीय प्रवक्ता-विश्व वैदिक धर्म संघ) ने कहा कि सामाजिक सद्भाव का मूल मंत्र श्रीरामचरितमानस में अनेक प्रकार से उपलब्ध है। समारोह को सम्बोधित करते हुए हरपाल सिंह जग्गी, पूर्व उपाध्यक्ष (दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री), उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी, और महामंत्री लखनऊ गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, मुरलीधर आहूजा (सुप्रसिद्ध समाजसेवी और रायल कैफे लखनऊ के प्रबंध निदेशक) ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य शिव प्रकाश मिश्र सेनानी, साहित्यकारों में राजमूर्ति सिंह सौरभ, सुरेश पाण्डेय संभव और सुनील प्रभाकर, राज्य सभा सांसद प्रमोद तिवारी के प्रतिनिधि ज्ञान प्रकाश शुक्ला, विजय मिश्रा गुरूजी ने भी अपने विचार रखे। अतिथियों का स्वागत करते हुए समिति के अध्यक्ष वर्तमान प्राचार्य प्रधानाचार्य लालता प्रसाद पांडे ने कहा के पंडित बद्री प्रसाद पांडे इंसानियत के पुजारी थे। लोकगायक कलाकार रामबदन शर्मा की टीम ने अपने गीतों के माध्यम से समां बांध दिया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा महामंत्री पवन गौतम, डा० सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, मणिलाल पाठक, विजय मिश्रा गुरुजी, डॉ हरीश पाठक, श्री नारायण शुक्ला, राम सुंदर तिवारी, आशुतोष त्रिपाठी, बृजेंद्र नारायण मिश्रा, शांति भूषण मिश्रा प्रसून मिश्रा, मत्स्येंद्र नाथ मिश्रा, जुग्गी लाल पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### पुलिस ने पकड़ी 28 लाख की विदेशी शराब

**पट्टी, प्रतापगढ़।** चंडीगढ़ से बिहार के लिए जा रही डीसीएम में लदी हुई 350 पेटी अवैध शराब का जखीरा पुलिस व सीओजी ने संयुक्त रुप से पकड़ा है, जिसकी कीमत 28 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी को संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके जेल भेज दिया है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के पट्टी बाजार ढकवा मोड़ के आगे नहर पुलिया के पास पुलिस को सूचना मिली कि एक डीसीएम जिसमें 350 पेटी अवैध शराब लदी है पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों शराब तस्करों को धर दबोचा। डीसीएम में ऊपर से लाई लदी हुई थी, पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करके जेल भेज दिया है। पट्टी क्षेत्र में बरामद हुई शराब से शराब व्यवसायियों में हड़कंप मच गया है।

# पट्टी में शिक्षकों को वितरित किया गया टैबलेट

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** सोमवार को पट्टी के बीआरसी कार्यालय पर शिक्षकों को टैबलेट वितरीत किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पट्टी नगर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल ने टेबलेट वितरित करने के बाद मौजूद शिक्षकों को संबोधित भी किया। शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता लाने तथा बेसिक शिक्षा विभाग में डिजिटल पठन पाठन व कार्य प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। शिक्षा के क्षेत्र में पारदर्शिता, डिजीटलीकरण तथा ऑनलाइन सूचनाओं के आदान प्रदान अध्यापकों की उपस्थिति, एमडीएम सहित अन्य उपयोग के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में शिक्षको को टैबलेट वितरित करने के लिए पट्टी बीआरसी पर टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अगर अध्यक्ष पट्टी अशोक कुमार जायसवाल को आमंत्रित किया गया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के बीच में खुद को पाकर और उन्हें टेबलेट वितरण करने पर मैं बहुत ही अभिभूत हुआ। उत्तर प्रदेश सरकार निश्चित रूप से शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अग्रणी भूमिका निभा रही है कार्यक्रम में मुख्य रूप से खंड शिक्षा अधिकारी गुलाबचन्द्र, बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य शिव पूजन पांडेय, पूर्व सभासद रमेश सोनी, मनोज खंडेलवाल मौजूद रहे।

# राजकीय बालिका इंटर कालेज में छात्राओं को किया गया जागरुक

## प्रभारी निरीक्षक ने मिशन शक्ति के बारे में दी जानकारी



मिशन शक्ति के बारे में जानकारी देते प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सशक्त नारी, सशक्त उत्तर प्रदेश कुछ इसी जोश और जब्बे के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चलाए गए शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर महिला और बेटियों को सुरक्षा, संरक्षण, सशक्तिकरण और संबल प्रदान करने के लिए मिशन शक्ति चैथे चरण के अंतर्गत आज राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य एवं गीता उप प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में एवं नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अनीस के संयोजन में छात्राओं एवं स्टाफ को जागरूक करने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सत्येंद्र सिंह के दिशा निर्देशन में विशेष रूप से मोहम्मद शमशेर खान सीनियर सब इंस्पेक्टर एवं उनके सहयोगी महिला कांस्टेबल मीना यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए मिशन शक्ति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया और महत्वपूर्ण नंबर 1090 ,1098, 112, 102 ,1073, 101, आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया साथ साथ उन्होंने बताया कि आपको किसी भी विषम परिस्थिति में घबराने की कोई जरूरत नहीं है, धैर्य से काम लें। प्रशासन और पुलिस आपके साथ सदैव मदद के लिए खड़ी है द्यअपना मन पढ़ाई में लगाते हुए अपने निश्चित लक्ष्य को प्राप्त करें मोबाइल का सदुपयोगह्न करेंद्य उन्होंने मिशन शक्ति से संबंधित छात्राओं से कई प्रश्न किया जिसका छात्राओं ने समुचित जवाब दिया जिसे सुनकर वह प्रसन्न हुए इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### प्रधानमंत्री आवास में ग्राम प्रधान के खिलाफ पैसा लेने की हुई शिकायत

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रदेश की योगी सरकार में प्रधानमन्त्री आवास योजना में लाभार्थियों से ग्राम प्रधान द्वारा खुलेआम पैसा वसूला जा रहा है पैसा न मिलने पर ग्राम प्रधान लाभार्थी का बैंक पासबुक व आधारकार्ड रखकर पैसा देने की धमकी दिया जा रहा है। मामला विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत ककरिहा का है जंहा की लाभार्थिनी ने नवाबगंज पुलिस को दिये गये तहरीर मे शिकायत किया है कि गांव के ग्राम प्रधान ने प्रधानमंत्री आवास योजना की पहली किश्त 40 हजार रुपया मेरे खाते मे आने पर 20 हजार मेरे साथ बैंक चलकर मुझसे ले लिया और मांगने पर प्रधान द्वारा धमकी दी जा रही है। लाभार्थिनी ने पुलिस अधीक्षक से जानमाल की सुरक्षा के साथ कानूनी कारवाई की गुहार लगाई है।

# कालाकांकर गंगा किनारे खोदे गये गड्ढे मे लावारिस की तरह पड़ी गणेश मूर्ति

**अखंड भारत संदेश**

## बिना पानी के सूखे गड्ढे में पड़ी गणेश जी की मूर्ति

**परियावां, प्रतापगढ़।** नमामि गंगे योजना के तहत जहा केंद्र की मोदी व प्रदेश की योगी सरकार गंगा स्वच्छ निर्मल धारा बनाये रखने के लिए पानी की तरह पैसा खर्च कर रही है ताकि गंगा का जल स्वच्छ निर्मल रहे इसी लिए सरकार ने गंगा में गणेश मूर्ति व दुर्गा प्रतिमाओ का पानी मे विसर्जन करने पर रोक लगा दिया जिसकी जगह गंगा किनारे बड़ा गड्ढा खोदकर उसमे विसर्जन कराने का आदेश लागू कर दिया, जिसमें गंगा किनारे प्रतिमाओ के विसर्जन मे गड्ढा खोदवाने की जिम्मेदारी स्थानीय शासन प्रशासन को दे दिया।

हाल ही मे नवरात्रि शुरू होने के पूर्व गणेश प्रतिमा का विसर्जन कालाकांकर गंगा किनारे किया गया जिसमे सोमवार को खोदे गये गड्ढे मे पानी नदारद था गणेश जी की मूर्ति सूखे मे पड़ी हुई थी उसमे न तो पानी भराया गया और न ही गड्ढे को बालू की रेत से ढका गया लावारिस की तरह गड्ढे मे मूर्ति पड़ी दिखाई दी जो लोगो को अपनी ओर खींच रही थी जो सोचने को विवश कर रही थी जब कि कुंडा तहसील शासन प्रशासन का कालाकांकर पूर्व सांसद के यहां कार्य क्रमों मे आना जाना लगा रहता है शायद उनकी नजर गड्ढे मे लावारिस की तरह पड़ी गणेश जी की मूर्ति पर नही पड़ती।

# केन्द्र व राज्य की भाजपा सरकार ने जनता के साथ किया विश्वासघात: प्रमोद तिवारी

## राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता पहुंचे रामपुरखास, विविध कार्यक्रमों में हुए शामिल

**अखंड भारत संदेश**



अमावां में शिक्षक श्रीधर तिवारी के घर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे प्रमोद तिवारी।

**लालगंज, प्रतापगढ़।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने सोमवार को रामपुर खास निर्वाचन क्षेत्र में विविध कार्यक्रमों में शामिल हुए। लालगंज के संगम चैराहा पहुंचने पर ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज व चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी की अगुवाई में कार्यकताओं ने सांसद का जोरदार स्वागत किया। इसके बाद सांसद प्रमोद तिवारी अमावां गांव पहुंचे और यहां शिक्षक श्रीधर तिवारी व समाजसेवी मुरलीधर तिवारी की मां बल्लू देवी के आकस्मिक निधन पर परिजनों को ढांढ़स बंधया। प्रमोद तिवारी बाबा घुइसरनाथ धाम पहुंचे और विधायक मोना व स्वयं के प्रयास से संचालित केन्द्र व राज्य की योजनाओं के मजबूत संचालन की हकीकत खंगालते हुए कार्यदायी संस्थाओं को निर्धारित समय के भीतर काम पूरा करने का निर्देश दिया। बाबा धाम में दर्शन पूजन व जनकल्याण की कामना के बाद राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी सांगीपुर, ननौती, लखापुर, राहाटीकर आदि स्थानों पर कार्यकताओं से मिले। उन्होनें कार्यकताओं से मुलाकात के दौरान केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। सांसद ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकारें जनता के साथ धोखा कर रही हैं। सरकार बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मंहगाई समेत विभिन्न मुददो पर जनता के साथ किये वायदों को पूरा नही कर सकी। वही किसान खाद बीज समेत मवेशी की समस्या को लेकर परेशान हैं। प्रमोद तिवारी ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव के साथ ही लोकसभा के चुनाव में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर सबक सिखाएगी। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अशोक सिंह बब्लू, पूर्व प्रमुख द्दगपाल यादव, अमिताभ शुक्ल, गुडडू सिंह, केडी मिश्र, प्रीतेन्द्र ओझा, त्रिभु तिवारी, अम्बुज मिश्र, आशुतोष मिश्र, रामकृपाल पासी आदि मौजूद रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पुलिस को सूचना दिये बिना शव ले गये परिजन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत होने से हडकंप मच गया। ट्रामा सेण्टर में मृत घोषित करने पर पुलिस को सूचना दिये बिना परिजन शव लेकर घर चले गये। रायबरेली जिले के सलोन थाना क्षेत्र के बरूहा चैराहा निवासी पंकज द्विवेदी लालगंज में किराये कमरा लेकर कपड़े की दुकान चलाता है। उसकी उन्तीस वर्षीया पत्नी स्वाती द्विवेदी की सोमवार की सुबह कमरे में संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गयी। पति पंकज स्थानीय लोगों की मदद से उसे लालगंज ट्रामा सेण्टर ले गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन पुलिस को सूचना दिये बिना शव लेकर घर चले गये। मामले को लेकर लोगों में तरह तरह की चचाएं हो रही हैं।

### शादी का झांसा देकर एक वर्ष तक विवाहिता से युवक ने किया दुष्कर्म, मुकदर्मा दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** कस्बे के कुम्हिया मोहल्ले की एक विवाहिता ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि एक वर्ष पूर्व उसका प्रेम संबंध पड़ोसी जनपद जौनपुर के सुजानगंज थाना क्षेत्र के चंदापुरवा गांव रहने वाले कृष्ण कुमार यादव उर्फ पंकज पुत्र प्रेम प्रकाश यादव से हो गया। इस दौरान उसने शादी करने का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए और उसका वीडियो भी अपने मोबाइल में बना लिया। जब विवाहिता ने शादी करने का दबाव बनाया तो उसका अश्लील वीडियो शोशल मीडिया पर आरोपी ने वायरल कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने की जानकारी होने पर जब आरोपी से विवाहिता ने बात की तो उसने उसे मिलने के लिए कोतवाली क्षेत्र के उड़ैयाडीह बाजार बुलाया जहां पर उसने उसके साथ पुनः दुष्कर्म किया और उसे जमकर मारने पीटने लगा। इस दौरान शोर-शराबे पर जुटी लोगों की भीड़ ने मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाई जहां पर विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने दुष्कर्म, मारपीट, एससी-एसटी एक्ट समेत संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बीमारी से परेशान व्यापारी की पत्नी ने ट्रेन के आगे लगाई छलांग

## महिला की दर्दनाक मौत परिवार में मचा कोहराम

अखंड भारत संदेश



**भरवारी कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बे में एक व्यापारी की पत्नी बीमारी से परेशान थी जिससे बीमारी से परेशान महिला ने देर रात ट्रेन के सामने छलांग लगा दी,ट्रेन की टक्कर से महिला की दर्दनाक मौत हो गई,महिला देर रात अपने घर से निकली थी परिजन उसे खोजने हुए रेलवे स्टेशन पहुंचे तो पता चला कि महिला के शव को रेलवे पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और जांच में जुट गई,वही महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। घटनाक्रम के मुताबिक कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी कस्बा निवासी ब्यापारी मनोज कुमार उर्फ बबलू केसरवानी की पत्नी पुष्पा केशरवानी उम्र लगभग 40 वर्ष की तबियत काफी साल से खराब चल रही थी,पुष्पा को कई बीमारी थी और लगातार उसका इलाज चल रहा था,पुष्पा अपनी बीमारी से परेशान रहने लगी बीती रात लगभग एक बजे व्यापारी की पत्नी पुष्पा अपने घर से निकल गई और रेलवे स्टेशन भरवारी के पास जाकर ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। रात में महिला को खोजते हुए उसके पति और परिजन जब भरवारी रेलवे स्टेशन पहुंचे तो उन्हें पता चला,तब तक रेलवे पुलिस महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने वाली थी,परिजनो ने मृतका की शिनाख्त की और पुलिस ने लिखापढ़ी कर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

# नदी में दो बालक के डूबने के बाद आक्रोशित परिजनों ने किया चक्का जाम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के फतेहपुर गंगा घाट में रविवार को अपनी मां के साथ स्नान करने गए दो बालक गंगा में डूब गए हैं काफी खोजबीन के बाद दोनों बालकों का सुराग नहीं लग सका है पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए सैकड़ो लोगों ने सोमवार को पूरामुफ्ती चौराहे पर धरना प्रदर्शन चक्का जाम कर दिया है भीड़ का दबाव देखकर पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आनन फानन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भारी पुलिस फोर्स तैनात कर दी गई चक्का जाम कर रहे आक्रोशित लोगों को काफी समझाने बुलाने के बाद लोग शांत हुए हैं। जानकारी के मुताबिक अकबरपुर निवासी महेंद्र राज इलाहाबाद शहर के काल्विन अस्पताल में कर्मचारी हैं उनके बेटे हिमांशु और अंशु अपनी मां रीना देवी के साथ रविवार को फतेहपुर गंगा घाट स्नान करने गए थे गंगा स्नान करने के बाद मां बेटे वापस लौट रहे थे गांव के कुछ लोग गंगा स्नान करने जा रहे थे गांव को लोगों को देखकर हिमांशु और अंशु फिर गंगा स्नान करने चले गए गंगा स्नान के दौरान हिमांशु नदी में डूबने लगा है उसे बचाने अंशु नदी में कूद पड़ा देखते देखते दोनों भाई नदी में डूब गए नदी के बाहर कपड़ा पड़े होने पर लोगों ने मामले की जानकारी परिजनों समेत पुलिस को दी मौके पर अपरा तफरी मच गई देखते देखते मौके पर तमाम लोगों की भीड़ लग गयी गोताखोरों की मदद से दोनों बालकों को खोजने का काफी प्रयास किया गया है लेकिन बालकों का कहीं सुराग नहीं लग सका सोमवार की सुबह सैकड़ो लोगों ने थाना पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाकर सड़क पर नारेबाजी करते हुए चक्का जाम कर दिया चक्का जाम कर रहे लोग पुलिस पर आरोप लगा रहे थे कि पुलिस की लापरवाही से नदी में डूबे बालक नहीं मिल सके हैं काफी समझाने बुझाने के बाद ग्रामीण शांत हुए।

## न्यूज झरोखा

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर हाईवे रोड पर पलटा बाल बाल बचा चालक



**कोखराज कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के रामजी होटल के पास मूरतगंज से गिट्टी लाद कर जा रहा ट्रैक्टर असन्तुलित हो कर पलट गया है हादसे में किसी को चोट नहीं आई है बताया जाता है कि ट्रैक्टर के असंतुलित होते ही चालक कूद कर फरार हो गया है जिससे उसकी जान बच गई है चालक विजय कुमार पुत्र रामनरायन पाल मूरतगंज गिट्टी प्लांट से गिट्टी लाद कर जा रहा था तेज रफ्तार होने के कारण रोड़ पर अचानक पलट गया जिसमें चालक बाल बाल बच गया सूचना पर पहुंची कोखराज पुलिस ने जाँच पड़ताल कर रास्ते से ट्रैक्टर ट्राली को हटवा कर रोड के आवागमन को सुचारू रूप से चालू कराया है।

### प्रधानाचार्य एवम मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रभारी ने छात्राओं को नारी शक्ति के बारे में जानकारी दी



**करारी कौशाम्बी** मिशन शक्ति योजना के तहत करारी थाना पुलिस ने मदर इंडिया इण्टर कॉलेज नेता नगर करारी मैं कार्यक्रम आयोजित कर बालिकाओं को जागरूक किया है प्रधानाचार्य एवम मिशन शक्ति कार्यक्रम की प्रभारी ने छात्राओं को नारी शक्ति के बारे में जानकारी दी। बालिकाओं को संबोधित करते हुए मिशन शक्ति प्रभारी ने कहा कि अगर कोई छेड़खानी करता है तो हेल्पलाइन नंबर पर तत्काल संपर्क करें जिससे आपकी पूरी मदद की जाएगी। कांस्टेबल गुड्डी सिंह ने भी छात्राओं से कहा कि मिशन शक्ति अभियान इसलिए चलाया जा रहा है ताकि छात्राओं को आगे किया जा सके और स्कूल आने जाने में वह बेझिझक रहे। उन्होंने कहा कि आपके साथ एंटी रोमियो उत्तर प्रदेश पुलिस आप की मदद के लिए हर वक्त खड़ी रहेगी कभी भी आप सहायता ले सकती हैं। इस कार्यक्रम में एस आई रामबाबू व महिला कांस्टेबल गुड्डी सिंह, सहजल सिंह उप प्रधानाध्यापक अजादार हुसैन सहित अध्यापक मौजूद रहे।

### राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता प्रतिनिधित्व के लिए कौशांबी के दो छात्र चयनित



**कौशाम्बी।** जिला शतरंज खेल संघ और विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयु वर्ग 9 जिला शतरंज सेलेक्शन प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16 अक्टूबर को विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल काजीपुर में हुआ प्रतियोगिता चार चरणों में की गई जिसके परिणाम में पहले स्थान पर एम वी कान्वेंट के श्री हरि दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान पब्लिक स्कूल के पार्थ केसरवानी तीसरे स्थान पर अर्नव सिंह चौथा स्थान विष्णु भगवान के शक्ति यादव को मिला बालिका वर्ग में पहले स्थान पर विष्णु भगवान की परी यादव दूसरे स्थान पर विष्णु भगवान की अन्नया कुशवाहा तीसरे स्थान पर विष्णु भगवान की आरू पाण्डेय रही इस प्रतियोगिता में जिले के कुल 25 बच्चों ने प्रतिभाग किया सचिव राघवेन्द्र शुक्ल ने बताया कि इस प्रतियोगिता के पहले दो खिलाड़ियों का चयन कानपुर में हो रही आयु वर्ग 9 राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता में कौशांबी का प्रतिनिधित्व करेंगे पुरस्कार वितरण समारोह में विघालय के प्रधानाचार्य राहुल शुक्ल के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में सचिव राघवेन्द्र शुक्ल राकेश मालवीय, नकुल तिवारी, कुमार सौरभ आदि मौजूद रहे।

### लगाने के दूसरे दिन ही एबीसी कंडक्टर में शाट 'सर्किट से शीतला धाम मंदिर में अंधेरा



**कडा कौशाम्बी** शक्ति पीठ कडा धाम में लगे एबीसी कंडेक्टर 120 में शार्टसर्किट से तार में आग लग गयी जिससे दर्शन को आये श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई गनीमत यह रही कि बिधुत तार जमीन पर नहीं गिरी वरना बडा हादसा हो जाता घटिया क्वालिटी के सामानों का उपयोग कर बिजली विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कमीशन खोरी कर श्रद्धालुओं की जिंदगी से बड़ा खिलवाड किया है विभागीय लापरवाही के चलते विद्युत विभाग के अफसरों पर मुकदमा दर्ज कराकर इन पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग श्रद्धालुओं ने जिला अधिकारी से की है। बता दे कि शक्ति पीठ कडा धाम में नवरात्रि का पहला सोमवार होने के कारण माता शीतला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही लगी रही कालेश्वर घाट स्नान घाट जाने वाले मुख्य मार्ग पर दोपहर दो बजे अचानक केबल घू घू कर जलने लगी जिससे दर्शनार्थियों में भगदड़ मच गई बिधुत ब्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए बिभाग ने पूरे मन्दिर क्षेत्र में ए बी सी कन्डक्टर 120 केबल लगवाया था जो दूसरे दिन ही शार्टसर्किट से जल गयी जिससे पूरे मन्दिर परिसर में अंधेरा पसरा हुआ है लाखों रुपए खर्च करके विभाग द्वारा कराए गए कार्यों में किस तरह से धांधली हुई है कि विभाग द्वारा कराए गया कार्यों में बड़ी कमी के चलते दूसरे दिन ही पूरी व्यवस्था चौपट हो गई है घटिया क्वालिटी के सामानों का उपयोग किए जाने के मामले में अधिकारियों ने जांच कराई तो बिजली विभाग के अधिकारियों की मुसीबत बढ़ना तय है।

### बंजर भूमि पर शव का अंतिम संस्कार करने पर 80 लोगों पर मुकदमा



**कड़ा कौशाम्बी।** कडाधाम के औरेनी गांव मे बंजर भूमि पर जबरन शव का अंतिम संस्कार करने पर लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के पुत्र सहित 80 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सरकारी भूमि पर शव के अंतिम संस्कार को लेकर हुए बवाल के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। कडाधाम थाना क्षेत्र के अवरैनी गांव में सोमवार की सुबह 70 वर्षीय श्रवण यादव का निधन हो गया। इस दौरान परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए बंजर भूमि गाटा संख्या 698 में पहुंचे जिसका गांव के लोगों ने विरोध करना शुरू कर दिया। इसके बाद विवाद होने लगा मामले की सूचना डायल 112 पुलिस को दी गई जिस पर पहुंची पुलिस ने राजस्व विभाग को जानकारी दी। जिसके बाद नायब तहसीलदार सिराथू विनय कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी अवधेश कुमार विश्वकर्मा मौके पर पहुंच कर भूमि की पैमाइश कर बंजर भूमि पर अंतिम संस्कार करने से रोकने लगे जिस पर जबरन लोगों ने शव का अंतिम संस्कार कर दिया इस पर लेखपाल रामकृष्ण यादव की तहरीर पर पुलिस ने मृतक के बेटे शेर सिंह सहित 40 महिला व 40 पुरुष अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बवाल के बाद गांव में तनाव बना हुआ है।

# लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के डीएम ने दिये निर्देश




अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिलाधिकारी सुजीत कुमार द्वारा उदयन सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने विभागवार राजस्व वसूली की प्रगति की विस्तृत समीक्षा के दौरान वाणिज्यकर विभाग, खनन, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन, आबकारी, परिवहन, विद्युत एवं नगर निकायों में लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति कम पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व वसूली में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने वाणिज्यकर, आबकारी एवं परिवहन आदि सम्बन्धित अधिकारियों को और अधिक प्रवर्तन कार्य करने तथा जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही करने के निर्देश दियें। उन्होंने प्रवर्तन कार्य में लापरवाही बरतने पर उपायुक्त वाणिज्यकर से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को तहसीलदार से समन्वय कर आर0सी0 वसूली में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दियें। उन्होंने तहसीलदारों को अमीनों के साथ बैठक कर आर0सी0 वसूली में प्रगति लाने के निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत से कहा कि ओवर बिलिंग करने वाले कर्मियों को चिन्हित कर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित किया जाय इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी डॉ0 विश्राम, सभी उप जिलाधिकारीगण व तहसीलदार सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### दो भैंस चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशांबी।** मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के मलाक पिंजरी गांव में 2 दिनाहले रामबाबू पुत्र भैया लाल की भैंस आधी रात को चोर खूंटे से खोल कर उठा ले गए थे पीड़ित ने गांव के दो लोगों पर आशंका व्यक्त किया था पुलिस ने दोनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक मुकदमा अपराध संख्या 400 सन 2023 धारा 379 411 आईपीसी के अभियुक्त चिंटू पांडे पुत्र स्वर्गीय शिवजी पांडे एवं कुलदीप मौर्य मुन्नू लाल को पुलिस उप निरीक्षक अंशुमान मिश्रा ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया है। दोनों आरोपियों भैस चोरी करने का आरोप है।

### 2 किलो गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

मंहगांव कौशांबी संदीपन घाट थाना क्षेत्र के गन्सरी गांव निवासी जाकिर पुत्र मुन्ने को थाना पुलिस ने तेरह मील तिराहे के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है और लिखा पढ़ी करने के बाद आरोपी को पुलिस ने अदालत भेज दिया है।

# प्रत्येक रविवार को गंदगी से जूझेंगे नगर पालिका क्षेत्र के लोग

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** एक तरफ केंद्र और प्रदेश सरकार साफ सफाई अभियान को तेज करने का निर्देश दे रही है स्वच्छ भारत अभियान और स्वच्छता मिशन के अंतर्गत करोड़ों रुपए की रकम पानी की तरह खर्च की जा रही है लेकिन नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिशासी अधिकारी के नए फरमान के बाद सप्ताह में एक दिन नगर क्षेत्र गंदगी से भरा रहेगा रविवार के दिन नगर पालिका परिषद मंझनपुर कस्बे के मुख्य आबादी में सफाई अभियान रोक दिया गया है सफाई कर्मियों को छुट्टी दे दी गई है उनके बदले में दूसरे कर्मचारियों को रोस्टर के अनुसार ड्यूटी नहीं लगाई गई है जिससे रविवार के दिन नगर पालिका परिषद मंझनपुर के पूरे क्षेत्र में गंदगी व्याप्त रहती है कूड़ा नहीं उठाए जाते हैं झाड़ू नहीं लगाए जाते हैं सफाई नहीं की जाती है सड़क और पटरी पर चारों ओर गंदगी बिखरी रहती है जिससे नगर वासियों को दिक्कत होती है अहम बात तो यह है कि नगर पालिका क्षेत्र में जिन ग्राम पंचायत को शामिल किया गया है कई वर्षों बाद वहां सफाई अभियान की शुरूआत नगर पालिका नहीं कर सका है जिससे ग्रामीण इलाकों की स्थिति बदतर है सैकड़ो सफाई कर्मियों की तैनाती के बाद नगर पालिका परिषद क्षेत्र गंदगी से जूझ रहा है नालियां बजा रही हैं हल्की बारिश में नालियों का कीचड़ बह कर सड़कों पटरियों पर आ जाता है लोगों का जीवन नरकीय हो गया है लेकिन उसके बाद नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अधिकारियों के सेहत पर कोई फर्क पड़ता नहीं दिख रहा है अधिकारी एसी रुम में बैठते हैं बंद बोतल का पानी पीकर डकार लेते हैं अधिकारियों के बैठने के ऑफिस और उसके आसपास साफ सफाई के लिए तमाम कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है लेकिन नगर क्षेत्र की सफाई में आखिर सौतेला बर्ताव क्यों किया जा रहा है इलाके के लोगों ने नगर पालिका परिषद के नए फरमान के बाद सवाल खड़ा किया है नगर पालिका क्षेत्र एक दिन गंदगी से जूझता रहेगा मोदी योगी के सफाई अभियान की धज्जियां उड़ती रहेंगी केवल मीटिंग और बकवास तक नगर पालिका के अधिकारी सफाई व्यवस्था का ढिंढोरा पीटते रहेंगे।

**अधिशासी अधिकारी के नए फरमान ने प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान पर खड़ा किया बड़ा सवाल**



# प्रयागराज मंडल के संगठन मंत्री घोषित किए गए महेंद्र मिश्रा पत्रकार

**कौशाम्बी।** भारतीय पत्रकार संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश द्विवेदी के दिशा निर्देशन में राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री सुशील केसरवानी पत्रकार ने कौशांबी जिले के जगदीशपुर के रहने वाले मान्यता प्राप्त पत्रकार महेंद्र मिश्रा को भारतीय पत्रकार संघ की सदस्यता दिलाई है और राष्ट्रीय अध्यक्ष के दिशा निर्देशन में महेंद्र मिश्रा पत्रकार को भारतीय पत्रकार संघ का प्रयागराज मंडल का संगठन मंत्री घोषित किया है लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में बेहतर लेखनी के लिए पहचाने जाने वाले महेंद्र मिश्रा के संगठन में शामिल होने से संगठन को बल मिलेगा प्रयागराज मंडल के संगठन मंत्री बनाए जाने के बाद महेंद्र मिश्रा ने कहा कि वह पत्रकारों के हर सुख दुख में साथ खड़े रहेंगे उन्होंने कहा कि पत्रकारों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और पत्रकारों के हित को लेकर आर पार की लड़ाई लड़ जाएगी महेंद्र मिश्रा के प्रयागराज मंडल संगठन मंत्री बनाए जाने पर भारतीय पत्रकार संघ के तमाम पदाधिकारी सहित तमाम पत्रकारों ने उन्हें बधाई दी है

### बेगम अख्तर पुरस्कार के लिए प्रस्ताव आमन्त्रित

**कौशाम्बी।** संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 द्वारा बेगम अख्तर पुरस्कार वर्ष 2023-24 के लिए आवेदन पत्र आमन्त्रित किये गये हैं। ़बेगम अख्तर पुरस्काऱ का उद्देश्य दादरा, ठुमरी एवं गजल के क्षेत्र में विशेष प्रतिभावान विशिष्ट गायक जिसने अपने व्यक्तिगत प्रयासों से उत्कृष्ट आयाम स्थापित किया हो तथा राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया हो, को सम्मानित करना है। इस योजनान्तर्गत पुरस्कार राशि रू0 05 लाख निर्धारित की गई है। योजना में प्रतिभाग करने वाले कलाकार उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिए। कलाकार की आयु 40 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त होनी चाहिए। यह पुरस्कार कलाकार के गायन के क्षेत्र में सम्पूर्ण उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किया जायेगा न कि किसी एक विशिष्ट संरचना के लिए। कलाकार पुरस्कार सम्बन्धी नियमावली एवं आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप संस्कृति विभाग, उ0प्र0 की वेबसाइट पर देख सकतें हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 15 नवम्बर 2023 की सायं 5 बजे तक निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0, जवाहर भवन, नवम् तल, लखनऊ-226001 के कार्यालय में जमा किया जा सकता हैं।

### कौशाम्बी जिला जेल से माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव को लेकर निकली पुलिस टीम, प्रयागराज कोर्ट में पेशी

**कौशाम्बी।** जिला जेल से माफिया डॉन बबलू श्रीवास्तव को लेकर भारी सुरक्षा के बीच पुलिस टीम प्रयागराज के लिए निकल गई है,बबलू श्रीवास्तव की सोमवार को इलाहाबाद कोर्ट में पेशी होनी है।बबलू श्रीवास्तव को लेकर बरेली जेल से पुलिस रविवार की शाम को निकली थी,रात हो जाने के चलते बबलू को कौशाम्बी जिला जेल में रात में रोक दिया गया था, रात रकने के बाद सोमवार की सुबह पुलिस टीम प्रयागराज के लिए रवाना हो गई है।

### छत के सहारे घुसे चोरों ने दो भाइयों के घरो में की लाखों की चोरी

**कौशाम्बी।** मंझनपुर थाना क्षेत्र के चकिया मलाक पिंजरी गांव में बीती रात चोरी ने दो सगे भाइयों के घरों में छत से घर के नीचे उतरकर सोने चांदी के जेवरात और लाखों की नगदी समेत चोरी कर फरार हो गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने मामले की छानबीन कर जांच की कार्रवाई शुरू कर दी हैं। चकिया मलाक पिंजरी निवासी नरेंद्र सिंह पुत्र मोहनलाल सिंह ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि बीती रात अज्ञात चोर मेरे व भाई कमल सिंह के घर में छत से नीचे उतर कर बक्सा व अलमारी में रखें सोने चांदी के जेवरात और 5 लाख से अधिक की नगदी समेत फरार हो गए। 15 नवंबर को कमल सिंह के लड़की की शादी होनी थी। वहीं कुछ दिन बाद नरेंद्र सिंह के लड़के की सगाई का कार्यक्रम निश्चित किया गया था। पीड़ित परिवार ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची शमशाबाद पुलिस घटना की जांच में जुटी हुई है।

### अपर नगर आयुक्त प्रयागराज बने एसडीम चायल

**कौशाम्बी।** शासन ने पीसीएस अफसरो के स्थानांतरण की लिस्ट जारी की है चायल तहसील के उप जिलाधिकारी दीपेंद्र यादव को अपर नगर आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है अरुण कुमार एडीएम वित्त एवं राजस्व कौशांबी बनाये गये है।

### खाना बनाते समय तेज आवाज के साथ कूकर फटा

**कौशाम्बी।** कोखरा थाना क्षेत्र के भरवारी में खाना बनाने समय अचानक तेज आवाज के साथ कूकर फट गया,कूकर फटने के बाद रसोई की छत और दीवाल में खाना फैल गया,गनीमत रही कि खाना बनाने वाली महिला और परिवार बाल बाल बच गए भरवारी कस्बे के उमाकांत साहू के घर में सोमवार की रात को खाना बनाते समय तेज आवाज के साथ कूकर फट गया और हवा में उड़ गया,कूकर के फटने से रसोई में खाना बना रही महिलाए बाल बाल बच गई, जबकि कूकर में पक रहा खाना छत और दीवाल में फैल गया।वही गैस चूल्हा भी खराब हो गया।

# पराली प्रबन्धन जन-जागरूकता वैन को डीएम ने दिखाई हरी झण्डी




अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी सुजीत कुमार ने फसल अवशेष न जलाने/पराली प्रबन्धन जन-जागरूकता वैन को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। जनजागरूकता वैन द्वारा सम्पूर्ण जनपद का भ्रमण कर किसान भाइयों को फसल अवशेष न जलाने/पराली प्रबन्धन के लिए जागरूक किया जायेंगा। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली के आदेशानुसार पर्यावरण एवं कृषि विभाग द्वारा कृषि अपशिष्ट को जलाया जाना निषिद्ध किया गया है। जनपद में कृषकों द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धन यथा-पराली/पुवाल/पैरा/ठूॅठ एवं केले का तना इत्यादि फसल अपशिष्ट जलाये जाने से उत्पन्न हो रहे धुयें द्वारा वातावरण में पहले से विद्यमान विभिन्न गैसों के साथ कोलाइड बनाने से वायु अत्यन्त ही प्रदूषित व जहरीली हो जाती है जनपद में विगत वर्षों में पराली जलाये जाने की घटनाओं की अधिकता को ध्यान में रखते हुये जिलाधिकारी द्वारा तहसील स्तर पर उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में उड़न दस्ता का भी गठन किया गया है, इस उड़न दस्ते में पुलिस अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। जनपद में बिना एस0एम0एस0 एवं पराली प्रबन्धन के अन्य यन्त्रों यथा-स्ट्रॉचॉपर, सुपर सीडर, मल्चर, रोटरी इत्यादि के बगैर चलने वाली कम्बाइन मशीनों को सीज किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। शासन द्वारा निर्देशित किया गया है कि जिन कृषकों द्वारा पराली जलाये जाने की पुष्टि होती है उन कृषकों को पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप में अर्थदण्ड रू0 2500 से लेकर 5000 रुपए तक का जुमार्ना वसूला जायेंगा।किसान भाई पराली न जलाये, बल्कि उसे सड़ाकर खाद बनाकर अपने खेतों में डालें,जिससे मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ती है। इसके अतिरिक्त निराश्रित गौशालाओं में पराली ले जाकर देने के बदले ट्राली भर गोबर की खाद निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र तिवारी, जिला कृषि अधिकारी मनोज गौतम उपस्थित रहे।

# रद्दी में फेंक दिया गया सीएम का आदेश बाहरी लोग संभाल रहे चायल तहसील का कामकाज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** तहसीलों में बाहरी व प्राइवेट कर्मचारियों से काम लिए जाने को लेकर शासन स्तर पर बार बार चिंता जताई गई है। आम जनता और फरियादी की ओर से अक्सर बाहरी प्राइवेट लोगों को हटाए जाने की मांग की जाती हैं। लेकिन सरकार का आदेश जारी किए जाने के बाद भी कार्यालय से बाहरी लोग नहीं हटाए गए हैं चायल तहसील में जो भी नामांतरण आदेश का परवाना आर०के० के पास जाता हैं वहा पर मौजुद आर०के० अनामिका सिंह द्वारा स्वयं आदेश न दर्ज कर एक प्राइवेट व्यक्ति सूर्यकान्त को रखकर नामांतरण आदेश का अमलदरामद दर्ज करवाया जाता हैं जो सरासर गलत है उनका कहना है कि जो सरकारी अभिलेख में किसी भी समय छेड़ छाड़ कर सकते हैं जिसका सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा शासनादेश जारी होने के बाद भी तहसीलों में प्राइवेट कर्मियों से लगातार सरकारी कार्य कराया जा रहा है। जो नियम के विरूद्ध है। तहसील में बाहरी लोगों से परेशान आम जनमानस के द्वारा मांग की गई है कि शासन द्वारा जारी शासनादेश के तहत तत्काल प्रभाव से बाहरी लोगो को तहसील से हटाया जाए और इन्हें शरण देने वाले लोगों की जांच कर उन्हें भी दंडित किया। चायल तहसील में बाहरी व्यक्तियों के काम करने की हालत यह है कि जहा खतौनी निकलती है वहा भी 2 प्राइवेट कर्मी काम कर रहे है हालांकि मुख्यमंत्री के आदेश का पालन कराने की बात बार-बार अधिकारी कर रहे हैं लेकिन बाहरी व्यक्ति उन्हें दिखाई नहीं पड़ते हैं बाहरी लोगों का आना-जाना कार्यालय में काम करना लगातार सीसीटीवी कैमरे में कैद है लेकिन उसके बाद भी अधिकारी अनजान बन रहे हैं इतना ही नहीं चायल तहसील के नजारत विभाग में 2 प्राइवेट कर्मी पूरे दिन काम कर रहे है रजिस्टार कानून गो के यहा 1 प्राइवेट आदमी काम कर रहा है और एक रिटायर्ड अफशार बाबू भी अभी तहसील में काम कर रहा है प्राइवेट लोगों के काम करने पर मुख्यमंत्री ने पूरी तरह से रोक लगाई है लेकिन उसके बाद भी प्राइवेट लोग तहसील में मौजूद हैं और पूरे दिन आम जनता फरियादियों से धन वसूली कर उनका शोषण करते हैं आखिर वसूली करने वाले इन बाहरी कर्मियों से अफसर का क्या रिश्ता है जिससे इन पर अफसर मुख्यमंत्री के आदेश के विपरीत मेहरबानी बनाए हुए है आखिर मुख्यमंत्री के आदेश की धज्जियाँ क्यों उड़ाई जा रही हैं अधिकारियों को सूबे के मुख्यमंत्री के आदेश का पालन करने की आखिर चिंता क्यों नहीं है क्या सब कुछ मनमानी तरीके से संचालित किए जाने की छूट मुख्यमंत्री ने दे रखी है यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

### विवाहिता के साथ अत्याचार करने वालों को 18 दिन बाद भी गिरफ्तार नहीं कर सकी पुलिस

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ी मोड़ की विवाहिता दीपा मोदनवाल की शादी दो वर्ष पहले संदीपनघाट थाना क्षेत्र के काजीपुर बाजार में हिंदू रीति रिवाज से हुई थी लेकिन ससुराल पहुँचते ही विवाहिता के साथ मारपीट गाली गलौज और अत्याचार शुरू हो गया आए दिन विवाहिता के साथ मारपीट होने लगी विवाहिता के शरीर में पेट्रोल डालकर उसकी हत्या करने का प्रयास भी ससुरालयों द्वारा किया गया जेवर नगदी वा अन्य सामान छीनकर विवाहिता को ससुरालयों ने ने धक्का मार कर घर से बाहर भगा दिया मायके पहुंची विवाहिता को 28 सितंबर को कोखराज थाना पुलिस को ससुरालयों के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने 29 सितंबर को आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन 18 दिन बीत जाने के बाद विवाहिता पर अत्याचार करने वाले ससुरालियों को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है जिससे पुलिस की लापरवाही का अंदाजा लगाया जा सकता है।

## संपादकीय

# मुफ्त रेवड़ी करेगी चुनावी वैतरणी पार

राजस्थान और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्रियों को विश्वास है की उन्होंने चुनाव से पहले घोषणाओं की जो झड़ी लगाई है उससे प्रभावित होकर मतदाता उनकी सरकार को रिपीट करेगी। विशेषकर महिलाओं के कल्याण के लिए जो कार्य किये है वे बेमिसाल है। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने महिलाओं को मुफ्त मोबाइल बांट कर महिला मतदाताओं लुभाने का प्रयास किया है ताकि बड़ी संख्या में आधी आबादी के वोटों से झोली भरी जा सके। गहलोत सरकार ने महिलाओं के लिए इंदिरा गांधी स्मार्टफोन योजना 2023 की शुरूआत की है। इस योजना के तहत राजस्थान की 1 करोड़ 35 लाख महिलाओं को फेज वाइज में स्मार्टफोन प्रदान किए जाएंगे। इसके साथ राजस्थान सरकार की ओर से तीन वर्ष तक फ्री इंटरनेट कनेक्टिविटी भी दिया जा रहा है। अब तक इस योजना से 2381340 परिवार लाभान्वित हो चुके हैं। इसी तरह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना योजना के जरिये महिलाओं लो साधने का प्रयास किया है। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा 2023 मार्च में लाडली बहना योजना की शुरूआत की गई थी। इस योजना का लाभ करोड़ो महिलाओ के द्वारा उठाया जा रहा है। लाडली बहना योजना का लाभ गरीब लड़कियों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मदद देने के लिए की गई है। सरकार ने प्रत्येक लाभार्थी को 1250 रुपये मासिक प्रदान करने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने ऐलान किया है की लाड़ली बहना योजना की राशि को धीरे.धीरे बढ़ाकर 3000 रुपये कर देंगे।

आश्चर्य तो इस बात का है की दोनों ही प्रदेशों के मुख्यमंत्री दावा कर रहे है की उनके राज्य में एंटी इंकम्बेंसी का कोई प्रभाव नहीं है। हालाँकि एंटी इंकम्बेंसी है या नहीं यह जनता जनार्दन तय करती है। मुफ्त रेवड़ी बाँट कर एंटी इंकम्बेंसी को रोका नहीं जा सकता। दोनों ही राज्यों में मुफ्त रेवड़ी बाँटने का कार्य युद्धस्तर पर किया गया है। यह देखा गया है कुछ सालों से देश की चुनावी राजनीति में मुफ्त बिजलीकृपानी मुफ्त राशन आदि आदि अनेक तरह की घोषणाओं का चलन बढ़ गया है। विशेषकर चुनाव आते ही वोटर्स को लुभाने का सिलसिला शुरू हो जाता है । इससे नया शब्द चर्चा में आ गया जिसे रेवड़ी कल्चर नाम दिया गया है। राजस्थान और मध्यप्रदेश इसके ज्वलंत उदाहरण है। मुफ्त का मिल जाये तो उसका जी भर उपयोग करना। इसे रेवड़ी कल्चर भी कहते है। ये मुफ्त की नहीं है अपितु जनता के खून पसीनें की कमाई है जो राजनीतिक दलों और सरकारों द्वारा दी जा रही है ताकि चुनाव की बेतरणी आसानी से पार की जा सके। हाल फिलहाल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन चुनावों से पहले सरकारें जबरदस्त पैसे उड़ा रही हैं। अब इसी को लेकर एक जनहित याचिका सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। इस याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश और राजस्थान में सरकारें चुनावों से पहले मुफ्त की रेवड़ियां बांट रही है। इन पर रोक लगाई जाए। इसे लेकर अब सुप्रीम कोर्ट ने एमपीए राजस्थान और केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ए न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने जनहित याचिका पर केंद्रए निर्वाचन आयोग तथा भारतीय रिजर्व बैंक को भी नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया गया है कि दोनों राज्य की सरकारें मतदाताओं को प्रलोभन देने के लिए करदाताओं के पैसों का दुरुपयोग कर रही हैं। याचिकाकर्ता की पैरवी करने वाले वकील ने कहाए ष्चुनाव से पहले सरकार द्वारा नकदी बांटने से ज्यादा खराब और कुछ नहीं हो सकता। हर बार यह होता है और इसका बोझ आखिरकार करदाताओं पर आता है। कोर्ट ने इस मामले में सभी पक्षों को चार हफ्तों के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है। चुनाव आयोग ने कहा था कि चुनाव से पहले या बाद में मुफ्त उपहार देना राजनीतिक दलों का नीतिगत फैसला है। वह राज्य की नीतियों और पार्टियों की ओर से लिए गए फैसलों को नियंत्रित नहीं कर सकता। आयोग ने कहा कि इस तरह की नीतियों का क्या नकारात्मक असर होता हैघ् ये आर्थिक रूप से व्यवहारिक हैं या नहींघ् जिसे आप सामान्य भाषा में ष्फ्रीबीज यानी मुफ़्त की चीजें कह रहे हैं।

# अंतःशुद्धि का महापर्व है नवरात्रि




नवरात्रि हिन्दू धर्म के लोगो द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्यौहार है। यह त्यौहार असत्य पर सत्य की जीत को दर्शार्ता है। हिन्दू मान्यताओं के अनुसार नवरात्रि साल में दो बार मनाया जाता है। हिंदी महीनो के मुताबिक पहला नवरात्रि चैत्र महीने में मनाया जाता है और दूसरी बार अश्विन महीने में मनाया जाता है। नवरात्रि नौ दिनों तक निरंतर चलता है जिसमे देवी माँ के अलग अलग स्वरूपों की लोग भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा करते है। भारत में नवरात्रि अलग अलग राज्यों में विभिन्न तरीको और विधियों के संग मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इन्हीं नौ दिनों में मां दुर्गा धरती पर आती है। उनके आने की खुशी में इन दिनों को दुर्गा उत्सव के तौर पर देशभर में धूमधाम से मनाया जाता हैं।

नवरात्रि एक संस्कृत शब्द है जिसका अर्थ होता है नौ रातें। इन नौ रातों और दस दिनों के दौरान शक्ति-देवी के नौ रूपों की पूजा की जाती है। दसवां दिन दशहरा के नाम से प्रसिद्ध है। नवरात्रि एक हिंदू पर्व है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आता है। चैत्र, आषाढ़, अश्विन, पौष प्रतिपदा से नवमी तक मनाया जाता है। नवरात्रि के नौ रातों में तीन देवियों महालक्ष्मी, सरस्वती और दुर्गा के नौ स्वरुपों की पूजा होती है जिन्हें नवदुर्गा कहते हैं। दुर्गा का मतलब जीवन के दुख को हटानेवाली होता है। नवरात्रि एक महत्वपूर्ण प्रमुख त्योहार है जिसे पूरे भारत में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है।

नवरात्रि से हमें अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई के जीत की सीख मिलती हैं। यह हमें बताती है की इंसान अपने अंदर की मूलभूत अच्छाइयों से नकारात्मकता पर विजय प्राप्ती और स्वयं के अलौकिक स्वरूप से साक्षात्कार कैसे कर सकता है। भारतीय जन-जीवन में धर्म की महत्ता अपरम्पार है। यह भारत की गंगा-जमुना तहजीब का ही नतीजा है कि सब धर्मों को मानने वाले लोग अपने-अपने धर्म को मानते हुए इस देश में भाईचारे की भावना के साथ सदियों से एक साथ रहते चले आ रहे हैं। यही कारण है की पूरे विश्व में भारत की धर्म व संस्कृति सर्वोतम मानी गयी है। विभिन्न धर्मों के साथ जुड़े कई पर्व भी है जिसे भारत के कोने कोने में श्रध्दा, भक्ति और धूमधाम से मनाया जाता है। उन्ही में से एक है नवरात्रि।

नवरात्रि पर्व के नौ दिनों के दौरान आदिशक्ति जगदम्बा के नौ विभिन्न रूपों की आराधना की जाती है। ये नौ दिन वर्ष के सर्वाधिक पवित्र दिवस माने गए हैं। इन नो दिनों का भारतीय धर्म एवं दर्शन में ऐतिहासिक महत्व है और इन्हीं दिनों में बहुत सी दिव्य घटनाओं के घटने की जानकारी हिन्दू पौराणिक ग्रन्थों में मिलती है। माता के इन नौ रूपों को नवदुर्गा के नाम से भी जाना जाता है जो इस प्रकार हैं -शैलपुत्री, ब्रह्माचारिणी, चन्द्रघन्टा, कूष्माण्डा, स्कन्द माता, कात्यायिनी, कालरात्रि, महागौरी और सिध्दिदात्री।

वसन्त की शुरूआत और शरद ऋतु की शुरूआत, जलवायु और सूरज के प्रभावों का महत्वपूर्ण संगम माना जाता है। इन दो समय मां दुर्गा की पूजा के लिए पवित्र अवसर माने जाते है। त्योहार की तिथियां चन्द्र कैलेंडर के अनुसार निर्धारित होती हैं। यह पूजा वैदिक युग से पहले प्रागैतिहासिक काल से है। नवरात्रि के पहले तीन दिन देवी दुर्गा की पूजा करने के लिए समर्पित किए गए हैं। यह पूजा उनकी ऊर्जा और शक्ति की की जाती है। प्रत्येक दिन दुर्गा के एक अलग रूप को समर्पित है।

नवरात्रि के पहले दिन बालिकाओं की पूजा की जाती है। दूसरे दिन युवती की पूजा की जाती है। तीसरे दिन जो महिला परिपक्वता के चरण में पहुंच गयी है, उसकि पूजा की जाती है। नवरात्रि के चैथे, पांचवें और छठे दिन लक्ष्मी- समृद्धि और शांति की देवी की पूजा करने के लिए समर्पित है। आठवे दिन पर एक यज्ञ किया जाता है। नौवा दिन नवरात्रि समारोह का अंतिम दिन है। यह महानवमी के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन उन नौ जवान लड़कियों की पूजा होती है जो अभी तक यौवन की अवस्था तक नहीं पहुंची है। इन नौ लड़कियों को देवी दुर्गा के नौ रूपों का प्रतीक माना जाता है। लड़कियों का सम्मान तथा स्वागत करने के लिए उनके पैर धोए जाते हैं। पूजा के अंत में लड़कियों को उपहार के रूप में नए कपड़े, वस्तुयें, फल प्रदान किए जाते हैं।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र प्रतिपदा से नवमी तक निश्चित नौ तिथि, नौ नक्षत्र, नौ शक्तियों की नवधा भक्ति के साथ सनातन काल से मनाया जा रहा है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्र के नौ दिनों में क्रमशरू अलग-अलग पूजा की जाती है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। ये सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली हैं। इनका वाहन सिंह है और कमल पुष्प पर ही आसीन होती हैं। नवरात्रि के नौवें दिन इनकी उपासना की जाती है।

इस पर्व से जुड़ी एक कथा अनुसार देवी दुर्गा ने एक भैंस रूपी असुर अर्थात महिषासुर का वध किया था। पौराणिक कथाओं के अनुसार महिषासुर के एकाग्र ध्यान से बाध्य होकर देवताओं ने उसे अजय होने का वरदान दे दिया। उसको वरदान देने के बाद देवताओं को चिंता हुई कि वह अब अपनी शक्ति का गलत प्रयोग करेगा। महिषासुर ने अपने साम्राज्य का विस्तार स्वर्ग के द्वार तक कर दिया और उसके इस कृत्य को देख देवता विस्मय की स्थिति में आ गए। महिषासुर ने सूर्य, इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, यम, वरुण और अन्य देवताओं के सभी अधिकार छीन लिए और स्वयं स्वर्गलोक का मालिक बन बैठा। देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा था तब महिषासुर के इस दुस्साहस से क्रोधित होकर देवताओं ने देवी दुर्गा की रचना की।

ऐसा माना जाता है कि देवी दुर्गा के निर्माण में सारे देवताओं का एक समान बल लगाया गया था। महिषासुर का नाश करने के लिए सभी देवताओं ने अपने अपने अस्त्र देवी दुर्गा को दिए थे और कहा जाता है कि इन देवताओं के सम्मिलित प्रयास से देवी दुर्गा और बलवान हो गईं थी। इन नौ दिन देवी-महिषासुर संग्राम हुआ और अन्ततरू महिषासुर-वध कर महिषासुर मर्दिनी कहलायीं। नवदुर्गा और दस महाविद्याओं में काली ही प्रथम प्रमुख हैं। भगवान शिव की शक्तियों में उग्र और सौम्य, दो रूपों में अनेक रूप धारण करने वाली दशमहाविद्या अनंत सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। दसवें स्थान पर कमला वैष्णवी शक्ति हैं, जो प्राकृतिक संपत्तियों की अधिष्ठात्री देवी लक्ष्मी हैं। देवता, मानव, दानव सभी इनकी कृपा के बिना पंगु हैं, इसलिए आगम-निगम दोनों में इनकी उपासना समान रूप से वर्णित है। सभी देवता, राक्षस, मनुष्य, गंधर्व इनकी कृपा-प्रसाद के लिए लालायित रहते हैं।

नवरात्रि के दौरान उपवास करने से शरीर से विषाक्त पदार्थ निकल जाते हैं, जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। नवरात्रि के दौरान ध्यान, योग और भक्ति करने से मन को शांति मिलती है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है। नवरात्रि व्रत का मूल उद्देश्य है इंद्रियों का संयम और आध्यात्मिक शक्ति का संचय। वस्तुतः नवरात्र अंतःशुद्धि का महापर्व है। आज वातावरण में चारों तरफ विचारों का प्रदूषण है।

# शरीर से ज्यादा मन को स्वस्थ बनाना जरूरी

प्रतिवर्ष पूरी दुनिया में 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य के प्रति लोगों में जागरूकता लाना है और समर्थन जुटाना है। मानव समुदाय को तनावरहित जीवन देकर अच्छा स्वास्थ्य और लंबी आयु प्राप्त करने में मदद करना भी इस दिन का ध्येय है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती हुई आबादी, शहरीकरण, महंगाई, बेरोजगारी एवं आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूचे विश्व के लिये चिन्ता का विषय हैं। आज जीवन का हर क्षेत्र समस्याओं से घिरा है, आपाधापी एवं घटनाबहुल जीवन के कारण तनाव एवं दबाव महसूस किया जा रहा है, चाहे वह काम हो, रिश्ते हों, जीवन से उम्मीदें हों। हर आदमी संदेह, अंतर्द्वन्द्व और मानसिक उथल-पुथल की जिन्दगी जीने को विवश है। इन जटिल से जटिलतर होते हालातों में अच्छे मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखना महत्वपूर्ण हो गया है। इस वर्ष की थीम है ह्यमानसिक स्वास्थ्य एक सार्वभौमिक मानव अधिकार हैह्ण मनोविकार जब किसी शारीरिक व्याधि के रूप में प्रकट होते हैं, तब वे मनोकायिक रोग या ह्यसायकोसोमेटिक डिजीजह्ण के रूप में पहचाने जाते हैं। आज सर्वत्र अपेक्षा की जा रही है कि स्वस्थ मानसिकता का निर्माण हो। मनुष्य के विचारों और व्यवहारों को बदला जाए।

हर व्यक्ति जितना शारीरिक बीमारियों से पीड़ित है, उससे ज्यादा वह मानसिक बीमारियों एवं विकारों से ग्रस्त है। शास्त्रों में कहा गया है - चिंता, चिता के समान है। प्रतिदिन के तनाव से उपजती और मौत के मुंह में ले जाती गंभीर बीमारियों को देखते हुए यह बात बिल्कुल सही साबित होती है। हर एक मिनट का हिसाब रखती, भागदौड़ भरी वर्तमान जीवनशैली में सबसे बड़ी और लगातार उभरती हुई समस्या है मानसिक तनाव। हर किसी के जीवन में स्थाई रूप से अपने पांव पसार चुका तनाव, व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बुरी तरह से प्रभावित कर रहा है। निजी जिंदगी से शुरू होने वाला मानसिक तनाव पूरी दुनिया के लिए एक गंभीर समस्या बना है, जो अपने साथ कई तरह की अन्य समस्याओं को जन्म देने में सक्षम है। यही कारण है, कि इसे बचने के लिए और मानसिक शांति प्राप्त करने के लिए योग, ध्यान, अध्यात्म और कई तरह के अलग-अलग तरीकों को लोग अपने जीवन में उतार रहे हैं।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का एक नया विश्लेषण दशार्ता है कि दुनिया भर में करीब एक अरब लोग मानसिक विकार के किसी ना किसी रूप से पीड़ित हैं। एक अध्ययन के अनुसार अकेले भारतवर्ष में ही लगभग पांच करोड़ से अधिक लोग मनोरोगी हैं। एक मानसशास्त्रीय रिपोर्ट का निष्कर्ष है- किसी भी जनसंख्या का डेढ़ प्रतिशत जीवन भर मानसिक बीमारी से ग्रस्त रहता है। दस प्रतिशत व्यक्ति अपने जीवन में कभी न कभी इस रोग से प्रभावित होते हैं। मानसविदों की नवीनतम खोजों का सार है, संपूर्ण विश्व में हर दूसरा आदमी मानसिक दृष्टि से बीमार है। कुछ मनोवैज्ञानिकों का मानना है, जाने-अनजाने प्रत्येक व्यक्ति किसी न किसी मनोरोग से सदा पीड़ित रहता है। चिंता, घबराहट, नींद की कमी, निराशा, चिड़चिड़ापन, नकारात्मक सोच-ये सब मनोरोग के स्थूल लक्षण हैं। यह मानसिक पंगुता की शुरूआत है। इससे मस्तिष्क कुंठित हो जाता है। बौद्धिक स्फुरणा अवरुद्ध हो जाती है। दिमागी मशीनरी के जाम होते ही शरीर-तंत्र भी अस्त-व्यस्त और निष्क्रिय हो जाता है। असंतुलित मन स्वयं रोगी होता है और तन को भी रोगी बना देता है।

सर्वविदित है कि तनाव किसी भी समस्या का हल नहीं होता बल्कि कई अन्य समस्याओं का जन्मदाता होता है। उदाहरण के लिए तनाव इंसान को अत्यधिक सिरदर्द, माइग्रेन, उच्च या निम्न रक्तचाप, हृदय से जुड़ी समस्याओं से ग्रस्त करता है। दुनिया में सबसे अधिक हार्ट अटैक का प्रमुख कारण मानसिक तनाव होता है। यह आपका स्वभाव चिड़चिड़ा कर आपकी खुशी और मुस्कान को भी चुरा लेता है। इससे बचने के लिए तनाव पैदा करने वाले अनावश्यक कारणों को जीवन से दूर करना जरूरी ही नहीं, अनिवार्य हो गया है। जीवन में सुख, शांति और संतुष्टि के लिए मन की स्वस्थता भी उतनी ही जरूरी है, जितनी तन की स्वस्थता। वर्तमान में चिकित्सा विज्ञान की अनेक शाखाएं विकसित हुई हैं, उनमें एक है मानसिक स्वास्थ्य विज्ञान। इसके द्वारा व्यक्ति को मनोरोगों से बचाने का तथा स्वस्थ मानसिकता के निर्माण का प्रयास किया जाता है। स्वस्थ मन वाला व्यक्ति सदा आत्मतोष, पूर्णता एवं आनंद का अनुभव करता है। इससे व्यक्तित्व का संतुलित विकास होता है। संतुलित व्यक्ति जीवन में आनेवाली बाधाओं/कठिनाइयों में भी समायोजन स्थापित कर सकता है। मानसिक स्वास्थ्य से हमारा तात्पर्य है मन की शांति, चित्त की प्रसन्नता। परिस्थितियों के साथ समायोजन कर चलने वाला व्यक्ति लक्ष्य तक पहुंच जाता है।

# चुनौती एवं गंभीर समस्या बन रहा है ई-कचरा

दुनिया डिजिटल अर्थव्यवस्थाओं की ओर तेजी से बढ़ रही है, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी आधारित सेवाएं एवं इलेक्ट्रोनिक क्रांति ने लोगों के जीवन को आसान बना दिया है, लेकिन अर्थव्यवस्था एवं जीवन का डिजिटल अवतार इलेक्ट्रोनिक कचरे की शक्ल में एक नयी चुनौती एवं जटिल समस्या को लेकर आया है। घरों में इस्लेमाल होनेवाले कूलर, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर जैसी वस्तुओं के अलावा कार्यालय में लैपटॉप, कम्प्यूटर, मोबाइल, डिजिटल घड़ी, टीवी तय समय के बाद ई-कचरे में परिवर्तित हो जाते हैं, इस ई-कचरे एवं ई-अपशिष्ट के प्रभावों को प्रतिबिंबित करने एवं इसे नियंत्रित करने की जागरूकता के अवसर के रूप में वर्ष 2018 से प्रतिवर्ष 14 अक्तूबर को अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण फोरम (डब्ल्यूईईई) द्वारा मनाया जाता है। दुनियाभर में 46 देशों सक्रिय डब्ल्यूईईई फोरम एक उत्पादक उत्तरदायित्व संगठन है, जो एक गैर-लाभकारी संघ है, जिसकी स्थापना अप्रैल 2002 में हुई थी। संयुक्त राष्ट्र भी कहता है कि दुनियाभर में ई-कचरा 53.6 मिलियन टन उत्पन्न हो रहा हैं। इसमें से केवल 17.4 प्रतिशत का ही संग्रहण और पुनर्चक्रण किया जाता है। यह भी अनुमान है कि 2030 तक 74 मिलियन टन ई-कचरा उत्पन्न होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति, शहरीकरण प्रक्रिया और आर्थिक विकास ई-कचरे में तेजी से वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (डब्ल्यूईईई) फोरम के अनुसार, वर्ष 2022 में लगभग 5.3 बिलियन मोबाइल/स्मार्टफोन उपयोग से बाहर हो गये थे। लगातार बढ़ रहा ई-कचरा न केवल भारत के लिये बल्कि समूची दुनिया के बड़ा पर्यावरण, प्रकृति एवं स्वास्थ्य खतरा है। ई-कचरा से तात्पर्य उन सभी इलेक्ट्रानिक और इलेक्ट्रिकल उपकरणों (ईईई) तथा उनके पार्ट्स से है, जो उपभोगकर्ता द्वारा दोबारा इस्तेमाल में नहीं लाया जाता। ग्लोबल ई-वेस्ट मानिटर-2020 के मुताबिक चीन और अमेरिका के बाद भारत दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा ई-वेस्ट उत्पादक है। चूंकि इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रानिक उपकरणों को बनाने में खतरनाक पदार्थों (शीशा, पारा, कैडमियम आदि) का इस्तेमाल होता है, जिसका मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है। दुनियाभर में इस तरह से उत्पन्न हो रहा ई-कचरा एक ज्वलंत समस्या के रूप में सामने आ रहा है। पारा, कैडमियम, सीसा, पॉलीब्रोमिनेटेड फ्लेम रिटार्डेंट्स, बेरियम, लिथियम आदि ई-कचरे के जहरीले अवशेष मानव स्वास्थ्य के लिए बहुत खतरनाक होते हैं इन विषाक्त पदार्थों के संपर्क में आने पर मनुष्य के हृदय, यकृत, मस्तिष्क, गुर्दे और कंकाल प्रणाली की क्षति होती है। इसके अलावा, यह ई-वेस्ट मिट्टी और भूजल को भी दूषित करता है। ई-उत्पादों की अंधी दौड़ ने एक अन्तहीन समस्या को जन्म दिया है।

# 'गरीबी हटाओ' में गरीब हट गए, लेकिन गरीबी नहीं हटी


ललित गर्ग




दुनियाभर में फैली गरीबी के निराकरण के लिए ही संयुक्त राष्ट्र ने साल 1992 में हर साल 17 अक्टूबर को विश्व स्तर पर गरीबी उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की। अंतर्राष्ट्रीय आंदोलन एटीडी फोर्थ वर्ल्ड के संस्थापक जोसेफ रेसिंस्की की मृत्यु के चार साल बाद, संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक तौर पर इस दिवस को मनाने की घोषणा की। जोसेफ रेसिंस्की ने पेरिस में लगाये गये गरीबी उन्मूलन अभियान के मूल स्मारक पत्थर पर उत्कीर्ण पाठ में जहां भी पुरुषों और महिलाओं को अत्यधिक गरीबी में रहने की निंदा करते हुए इसे मानवाधिकारों का उल्लंघन कहा और यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना कि इन अधिकारों का सम्मान किया जाए, हमारा गंभीर कर्तव्य है।

गरीबी पहले भी अभिशाप थी लेकिन दुनिया में विकास की अमाप्य ऊंचाइयों को छूते हुए इस संकट का और अधिक गहराया जाना, चिन्तनीय एवं विडम्बनापूर्ण है। गरीबी केवल भारत की ही नहीं, बल्कि दुनिया की एक बड़ी समस्या है। गरीबी एक गंभीर बीमारी है, किसी भी देश के लिए गरीबी एक बदनुमा दाग है। जब किसी राष्ट्र के लोगों को रहने को मकान, जीवन निर्वाह के लिये जरूरी भोजन, कपड़े, दवाइयां आदि जैसी चीजों की कमी महसूस होती है, तो वह राष्ट्र गरीब राष्ट्र की श्रेणी में आता है। इस गरीबी से मुक्ति के लिये सरकारें व्यापक प्रयत्न करती हैं। हम जिन रास्तों पर चल कर एवं जिन योजनाओं को लागू करते हुए हम देश में समतामूलक संतुलित समाज निर्माण की आशा करते हैं वे योजनाएं विषम और विषभरी होने के कारण सभी कुछ अभिनय लगता है, छलावा लगता है, भ्रम एवं फरेब लगता है। सब नकली, धोखा, गोलमाल, विषमताभरा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोक राज्य, स्वराज्य, सुराज्य, रामराज्य के सुनहरे स्वप्न को आकार देते हुए स्वल्प समय में गरीबी के कलंक को मिटाने हेतु सार्थक प्रयत्न किये हैं। फिर भी गरीबी कायम है क्योंकि यहां तो सारे राजनीति दल एवं लोकतंत्र को हांकने वाले सब अपना-अपना साम्राज्य खड़ा करने में लगे हैं। विश्व की सारी संपदा, सारे संसाधन गरीबी को मिटाने में लगते तो आज स्थिति बहुत भिन्न होती, किन्तु बीच में सत्ता की लालसा एवं विश्व पर साम्राज्य स्थापित करने की महत्वाकांक्षाओं ने व्यवधान खड़े कर दिये। इसी कारण जो संपदा है, वह मानव को सुखी, संतुलित या सामान्य बनाने की दिशा में नहीं लगी, संहारक अस्त्रों के निर्माण, आतंकवाद एवं रूस-यूक्रेन, एवं इजरायल-हमास जैसे युद्धों में लगी है और लग रही है। एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को भयभीत रखने में अपनी ऊर्जा खपा रहा है, न कि गरीब इंसान की गरीबी दूर करने में।

आज का भौतिक दिमाग कहता है कि घर के बाहर और घर के अन्दर जो है, बस वही जीवन है। लेकिन राजनीतिक दिमाग मानता है कि जहां भी गरीब है, वही राजनीति के लिये जीवन है, क्योंकि राजनीति को उसी से जीवन ऊर्जा मिलती है। यही कारण है कि इस भारत में आजादी के अमृतकाल में पहुंचने के बाद भी गरीबी कम होने के बजाय बढ़ती जा रही है, जितनी गरीबी बढ़ती है उतनी ही राजनीतिक जमीन मजबूती होती है। क्योंकि सत्ता पर काबिज होने का मार्ग गरीबी के रास्ते से ही आता है। बहुत बड़ी योजनाएं इसी गरीबी को खत्म करने के लिये बनती रही हैं और आज भी बन रही हैं। लेकिन गरीब खत्म होते गये और गरीबी आज भी कायम है।

सरकारी योजनाओं की विसंगतियां ही हैं कि गांवों में जीवन ठहर गया है। बीमार, अशिक्षित, विपन्न मनुष्य मानो अपने को ढो रहा है। शहर सीमेन्ट और सरियों का जंगल हो गया है। मशीन बने सब भाग रहे हैं। मालूम नहीं खुद आगे जाने के लिए या दूसरों को पीछे छोड़ने के लिए। कह तो सभी यही रहे हैं--बाकी सब झूठ है, सच केवल रोटी है। रोटी केवल शब्द नहीं है, बल्कि बहुत बड़ी परिभाषा समेटे हुए है अपने भीतर। जिसे आज का मनुष्य अपनी सुविधानुसार परिभाषित कर लेता है।

रोटी कह रही है-मैं महंगी हूँ तू सस्ता है। यह मनुष्य का घोर अपमान है। रोटी कीमती, जीवन सस्ता। मनुष्य सस्ता, मनुष्यता सस्ती। और इस तरह गरीब को अपमानित किया जा रहा है, यह सबसे बड़ा खतरा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इस खतरे को महसूस किया, जबकि लोकतंत्र को हांकने वालों को इसे पहले महसूस करना चाहिए।

गरीबी के अनेकों चेहरे हैं जो व्यक्ति, स्थान और समय के साथ बदलते रहते हैं। गरीबी ऐसी त्रासदी एवं दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति है जिसका कोई भी अनुभव नहीं करना चाहता। एक बार महात्मा गांधी ने कहा था कि गरीबी कोई दैवीय अभिशाप नहीं है बल्कि यह मानवजाति द्वारा रचित सबसे बड़ी समस्या है।

# उठहु राम भंजहु भवचापा, मेटहु तात जनक परितापा

## धनुष यज्ञ लीला देख दर्शक हुए रोमांचित

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** श्री अनुष्ठानी रामलीला नगर पंचायत मऊ में बीती रात श्री हनुमत आदर्श रामलीला मंडल के कलाकारों ने धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयंवर का मंचन किया। रामलीला में विभिन्न अतिथियों का राजा जनक ने भव्य स्वागत किया।

रविवार की रात मऊ में हुए धनुष यज्ञ में स्वयंवर को शिव धनुष तोड़ने को सभी अतिथि प्रयास करते हैं। राजा जनक देखते हैं कि तमाम योद्धा धनुष को हिला तक नहीं सके। ये देखकर जनक व्याकुल होकर विलाप कर कहते हैं कि पृथ्वी वीरों से खाली हो गई है। लक्ष्मण जी उनकी बात सुनकर क्रोधित हो कहते हैं कि भईया राम आज्ञा दें तो ये धनुष क्या, पूरा ब्रह्मांड तोड़-मरोड़ डालू। रामजी लक्ष्मण को शांत करते हैं। विश्वामित्र भगवान राम को आदेश देते हैं उठहु राम भंजहु भवचापा। मेटहु तात जनक परितापा- भगवान राम के धुनष की प्रत्यंचा चढ़ाते ही धनुष टूट जाता है। जनकपुर वासियों में खुशी दौड़ जाती है। सीता वरमाला राम के गले में डालती हैं। सुर नर मुनि फूलों की वर्षा करते हैं। सीता स्वयंवर दौरान शिव धनुष टूटने की टंकार से परशुराम राजा जनक के दरबार आते हैं। वहां अनेक राजाओं की भीड़ देखकर प्रिय धनुष के टुकड़े देखकर क्रोधित हो कहते हैं जिसने धनुष तोड़ा है, उसे मेरे सामने करो, नहीं तुम्हारे राज्य को नष्ट कर दूंगा। भगवान राम ने हाथ जोड़कर कहा कि नाथ शंभु धनु भंजनि हारा, हुइहै कोउ एक दास तुम्हारा। उत्तर-प्रतिउत्तर के बीच लक्ष्मण ने भगवान परशुराम से वाद-विवाद शुरू कर दिया। परशुराम लक्ष्मण के तीखे वचनों को सुनकर क्रोध से कहने लगे कि उनके मन में दया का भाव है, ये फरसा जिससे अनेकों बार पृथ्वी को क्षत्रियों से विहीन कर दिया है, वह कुंठित सा हो गया है। राम का किरदार निभा रहे मोहित शुक्ला, लक्ष्मण के किरदार के रूप में अजय शुक्ला, मां सीता के किरदार में मयंक शुक्ला, साथी कलाकार एवं सहयोगी के रूप में शंकरदत्त तिवारी, अमरजीत सिंह, राहुल शुक्ला, महेश तिवारी, सत्यम शर्मा, नर्तक लखनलाल, पूजा रानी, रूपाली, हिना रानी आदि की कला को क्षेत्रवासियों ने सराहा। इस मौके पर श्री अनुष्ठानी रामलीला के अध्यक्ष सूर्य प्रकाश शुक्ला, प्रबंधक सच्चिदानंद मिश्र, रामलीला के संचालक जय प्रकाश तिवारी, कथा व्यास गुलाब सिंह, तबला वादक अश्वनी, राजा शुक्ला, प्रकाश शुक्ला, श्रेयांश वाजपेई उर्फ बेटू, अमन शुक्ला समेत क्षेत्र के तमाम लोग मौजूद रहे।



## वन स्टॉप सेंटर ने बताई सरकारी योजनायें

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द व मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश पर मिशन शक्ति-4 के तहत जागरूकता एवं शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शिवरामपुर में वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रभारी अर्चना साहू ने घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न, पाक्सो एक्ट, आपसी विवाद, मारपीट, बाल विवाह में वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

सोमवार को महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने सरकार के मिशन शक्ति के बारे में बताया। सरकार की जारी योजनायें कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, बाल सेवा योजना की जानकारी दी। जिला समन्वयक मीनू ने सरकार की विभिन्न सरकारी हेल्पलाइन नम्बर 181, 1090, 1098, 112 की जानकारी दी। कार्यक्रम में महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर, वन स्टॉप सेंटर प्रभारी अर्चना साहू, जिला समन्वयक मीनू सिंह, प्रशिक्षण केन्द्र स्टॉफ, पिरामल फाउंडेशन से गांधी फेलो लक्ष्मी व प्रशिक्षण ले रही दूरदराज से आई बालिकायें व महिलायें मौजूद रहीं।

## दशरथ मरण-राम वन गमन देख लोग हुए भाव-विभोर



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** रामलीला भवन धुस मैदान में रामलीला महोत्सव के दसवें दिन कलाकारों ने दशरथ मरण व राम वन गमन की सजीव प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। राम के आदर्शों को जीवन में उतारने को प्रेरणादायी भजनों की प्रस्तुतियां देकर कलाकारों ने राम के आदर्शों को आज के युग में प्रासंगिक बताया।

रविवार की रात मंच पर राम ने माता की आज्ञा का पालन करना व पुत्र मोह में दशरथ मरण हुआ। इस प्रसंग को देख दर्शक भावविभोर हुए। राम को वनवास, राम वनगमन न हो तो दुनिया में राक्षसों का संहार न होता। दीन-दुखियों का कल्याण न होता। ये सब कथायें आज सबको प्रेरणा देती है। जब-जब धरती पर अधर्म का बोलबाला होता है, कोई न कोई ईश्वर के रूप में अवतार लेता है। अधर्मियों-बेईमानों का विनाश करता है। जब-जब होय धर्म के हानि बाढ़ै है असुर अधम अभिमानी, राम का जन्म दुनिया का उद्धार करने वाला साबित हुआ। इसी मकसद से रामलीलायें देश के कोने-कोने में हो रही हैं, ताकि मनुष्य भगवान राम के जीवन से प्रेरणा लेकर प्रेम भाव से रहें, ताकि देश-समाज का कल्याण हो सके।

रामलीला की शुरूआत भगवान राम की झांकी आरती वंदना से नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, सुंदरलाल मिश्रा, शंकर यादव, रतन पटेल, अशोक केसरवानी, राकेश केसरवानी, किशन श्रीवास्तव, इदरीश ठेकेदार ने मौजूद रहकर रामलीला मंचन में जनता के साथ आनंद लिया।

## अधिवक्ता शेड का विधायक ने किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**



**मऊ/चित्रकूट।** मऊ तहसील परिसर में अधिवक्ताओं के बैठने को विधायक निधि से निर्मित अधिवक्ता शेड का लोकार्पण मऊ-मानिकपुर विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी ने किया।

सोमवार को विधायक अविनाशचन्द्र द्विवेदी ने पक्के शेड निर्माण को मऊ बार एसोसिएशन के कई दिनों तक अनशन के बाद विधायक निधि देकर पक्का शेड की मांग पूरी की थी। पक्के शेड निर्माण से अधिवक्ताओं व जनता को सहूलियत मिली है। तहसील परिसर में निर्मित अधिवक्ता शेड लोकार्पण में बतौर मुख्य अतिथि विधायक अविनाश चंद्र द्विवेदी, बार एसोसिएशन मऊ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्लचंद्र त्रिपाठी, बार एसोसिएशन मऊ के अध्यक्ष कुंवर बृजेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी, शिव प्रसाद गुप्ता, इंद्र ज्ञान सिंह, करुणा निधान सिंह, अंगद निषाद, अशोक राय त्रिपाठी, मुन्नालाल चैबे, रामलाल यादव, सुरेश तिवारी, अशोक पांडे, रामभूषण पांडे, कृष्ण कुमार सिंह व अमन सिंह एड समेत अधिवक्ता मौजूद रहे।

विधायक ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के लिए समर्पित होकर कार्य कर रहे हैं। क्षेत्र में जहां कहीं समस्या होगी, उसका निस्तारण कराने का प्रयास पुरजोर कर रहे हैं।

## राजापुर पुलिस ने दम्पति के विवाद को सुलझाया

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर सामाजिक रिश्तों को बचाने को जारी प्रयास में राजापुर पुलिस टीम ने पारिवारिक विवाद को समाप्त कराकर एक दम्पति में सुलह कराकर परिवार को टूटने से बचाया। सोमवार को राजापुर कस्बे लूपलाइन नहर के पास की सोनी पुत्र नेपाली ने थाने में पत्र दिया कि पत्नी श्रीमती सिमरन देवी पुत्री छोटेलाल निवासी अगरहुंडा थाना रैपुरा दो छोटे बच्चों समेत मायके चली गई है। वापस नहीं आ रही। प्रभारी निरीक्षक राजापुर ने पत्र निस्तारण को दरोगा रामकृष्ण वर्मा को सौंपा। दरोगा ने शिकायतकर्ता की शिकायतों को सुनकर दूसरे पक्ष को बुलाया। महिला हेल्प हेस्क में नियुक्त महिला सिपाही अंजू वर्मा ने दोनों पक्षों को समझाया। दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद न करने, आपस में तालमेल से रहने का भरोसा दिया। आपसी सुलह पर दरोगा रामकृष्ण वर्मा ने दोनों पक्षों को पारिवारिक दायित्यों को सही से पालन करने की सलाह दी। टीम में दरोगा रामकृष्ण वर्मा व महिला सिपाही अंजू वर्मा शामिल रही।

## पुलिस ने दबोचा जिला बदर अपराधी

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर की टीम ने जिला बदर अश्विनी कुमार पाण्डेय पुत्र बाबूलाल निवासी गनीवा को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ राजापुर थाने में जिलाधिकारी के आदेश के उल्लंघन पर मामला दर्ज किया है। टीम में चैकी प्रभारी गनीवा राजोल नागर, सिपाही अशोक पाल व शैलेन्द्र सिंह शामिल रहे।

# मानिकपुर में थानाध्यक्ष ने छात्राओं को किया जागरूक

**अखंड भारत संदेश**




**चित्रकूट।** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला कल्याण एवं बाल विकास के जारी मिशन शक्ति अभियान-4 व शक्ति दीदी के तहत पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर जिले में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति/सीओ राजापुर/लाइन्स श्रीमती निष्ठा उपाध्याय की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्रीमती रीता सिंह व मानिकपुर की एंटीरोमियों टीम ने थाना क्षेत्र के पं दीनदयाल उपाध्याय राजकीय इंटर कॉलेज ऊंचाडीह में छात्राओं को सुरक्षा बाबत जागरूक किया।

सोमवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष रीता सिंह ने छात्राओं को यूपी 112, वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी कॉप एप 181, महिला हेल्प लाइन 1076, मुख्यमंत्री हेल्प लाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 108, एम्बुलेन्स सेवा 1930, साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी। महिलाओं/बालिकाओं को बताया कि सभी थानों में महिलाओं की सुरक्षा/सहायता को महिला हेल्प डेस्क बनाया गया है। यहां महिला पुलिसकर्मी महिलाओं की शिकायत सुनती है। समय से निस्तारण होता है। विद्यालय की छात्राओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी हेल्पलाइन नम्बरों की बाबत पंपलेट बांटे। सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर प्रयोग करने व आत्मनिर्भर बनने को प्रेरित किया। सोशल मीडिया पर प्राइवेसी रखते हुये प्रयोग करने को कहा।

छात्राओं को जिले में गठित एंटीरोमियो स्क्वायड टीम के बारे में बताते हुए कहा कि सादे वस्त्रों तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास पुलिस तैनात रहती है। बालिकाओं के आवागमन स्थल को भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदों/मनचलो व आपत्तिजनक हरकतें रोकने को पूंछताछ की जाती है। शोहदों/मनचलो को हिदायत देकर कार्यवाही की जाती है।

## पुलिस ने शराब समेत एक दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में थानाध्यक्ष भरतकूप सूबेदार बिन्द की अगुवाई में दरोगा इमरान खान की टीम ने ओमप्रकाश वर्मा पुत्र स्व जौहरिया निवासी रौली कल्याणपुर को 22 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ थाने में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। टीम में दरोगा इमरान खान, सिपाही अजीजुद्दीन व सतीष कुमार शामिल रहे।

## मारकुण्डी पुलिस ने डकैती एक्ट का वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में थानाध्यक्ष मारकुण्डी मनीष कुमार की अगुवाई में दरोगा प्रभाशंकर की टीम ने बलबा, मारपीट व डकैती एक्ट के वारंटी राजकरन उर्फ करन पुत्र बाबाजान निवासी बड़ा कोलान को गिरफ्तार किया है। टीम में दरोगा प्रभाशंकर, सिपाही सचिन यादव शामिल रहे।




## पुलिस ने दबोचा वारंटी

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा दीपेन्द्र सिंह की अगुवाई में दरोगा देवीदीन बुन्देला ने आबकारी अधिनियम के वारंटी लवकुश पुत्र भइयालाल निषाद निवासी सरधुवा को गिरफ्तार किया है।

# ठेकेदार मस्त, आम जनता पस्त ठेकेदार की हरकतों से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय के धनुष चैराहे के पास नगर पालिका के ठेकेदार ने राजमार्ग के किनारे फुटपाथ बनाने को दो फुट गहरा गड्ढा खोद दिया है। एक सप्ताह से खुदे गड्ढे से लोग खासे परेशान हैं। दुकानदारों को कारोबार में दिक्कतें हो रही हैं। ठेकेदार को जब तत्काल काम नहीं करना था तो गड्ढा भी नहीं खोदना चाहिए। सोमवार को ठेकेदार की हरकतों से तमाम लोग परेशान हैं। ठेकेदार ने एक सप्ताह पहले से फुटपाथ बनाने को हाईवे पर गड्ढा तो खोद दिया है, लेकिन बनाने की पहल नहीं कर रहा। इससे दुकानदारों समेत आम जनता को भी भारी परेशानी हो रही है। लोगों की परेशानी से बेजार ठेकेदार मनमानी पर उतारु हैं। ठेकेदार ने हाईवे किनारे दो फुट गहरा गड्ढा खोद दिया है। इससे स्कूल जाने वाले मासूमों को भी आवागमन में भारी दिक्कतें हो रही हैं। स्कूल जाने वाले बच्चे दो फुट गहरे गड्ढे में कई बार गिरकर घायल हो चुके हैं। ठेकेदार को इससे कोई वास्ता नहीं है। ठेकेदार की मनमानी से क्षेत्रीय जनता समेत दुकानदार खासे परेशान हैं। एक सप्ताह से सही ढंग से दुकानदारों की सामग्री नहीं बिक रही। लोग गड्ढा पार कर सामग्री लेने नहीं आ पा रहे। क्षेत्रीय जनता ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट घोषित कर कडी कार्यवाही की जाये, ताकि भविष्य में कोई ठेकेदार बिना काम शुरू किये आम जनता को परेशानी में डालने का काम न करें।

## नवरात्र : कानपुर के मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़े भक्त

**कानपुर। आज** यहां रविवार से माता के नवरात्र धूमधाम से शुरू हो गये। आज पहले दिन भक्तों ने माँ शैलपुत्री का पूजन किया। नवरात्र के पहले दिन भक्तों ने जहां घर पर मंगल कलश की स्थापना कर मां दुर्गा के सभी रूपों की विधि.विधान से पूजा.अर्चना की। इसके लिए शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में भक्तों का तांता लगा रहा। प्रातःकाल से ही घरों में विधि.विधान के साथ कलश स्थापना हुई। दरअसल भक्तों में नवरात्र का प्रथम दिन विशेष महत्व रखता है। इसीलिए पहले दिन शहर के प्रमुख दुर्गा मंदिरों में प्रातः काल से लेकर मंदिरों में भक्तों की लम्बी. लम्बी कतारें लगी रहीं। आज नवरात्र शुरू होने पर बारादेवी, तपेश्वरी, ज्वाला देवी, जंगली देवी, काली मठिया सहित शहर के छोटे.बड़े मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तगणों ने पूजा.अर्चना कर मां के दर पर मत्था टेका। इस दौरान माता के जयकारों से मंदिर गुंजायमान होता रहा। सिर पर माता की चुनरी बांधे भक्तगण उनका गुणगान करते हुए चल रहे थे। श्री वैष्णो देवी मंदिर किदवईनगर में सुबह से ही भक्तों की कतारें लगी थीं। मंदिर में मां के पिंडी रूप में महालक्ष्मी महासरस्वती व महाकाली विराजमान थीं। दर्शन करने वाले भक्तों को सावक राम गौड़ ने हलवे का प्रसाद दिया। वहीं बारादेवी मंदिर में कानपुर सहित आसपास के जिलों से भी भक्त आये। दामोदर नगर वैष्णो देवी मंदिर में भक्त जयकारे लगाते हुए गुफाओं से मां के दरबार पहुंचे। इसी तरह किदवईनगर दुर्गा मंदिर व जंगली देवी मंदिर में भी भीड़ उमड़ी। इसी तरह से तपेश्वरी देवी मंदिर में भी धूम धाम से पूजा अर्चना के साथ भक्तों ने नवरात्र की शुरूवात की। इस बीच सभी मंदिरों में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे।

## वायरल बुखार नहीं छोड़ रहा कानपुर का पीछा,सैंकड़ों बीमार ,वायरल आदि से बचाव के लिए समुचित खानपान में प्रोटीन को महत्व देना डाक्टरों ने बताया जरूरी

**कानपुर। यह महानगर** बीते कई दिनों से वायरल बुखार की चपेट में है। सैकड़ों लोग सरकारी अस्पतालों के साथ प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी इलाज कर रहे हैं। अनुभवी चिकित्सकों की नजर में हर साल बड़ी संख्या में लोगों के वायरल बुखार की चपेट में आने की वजह लगातार बढ़ते प्रदूषण के साथ समुचित खानपान का अभाव माना जा रहा है। यही नहीं लगातार बढ़ता प्रदूषण और अनुचित खान पान दमा समेत अनेक जान लेवा रोगों को भी लगातार बढ़ावा दे रहा है।किसी भी मरीज को पूर्ण रूप से स्वस्थ करने की हद तक अपनी चिकित्सकीय विधा में दक्षता के फल स्वरुप मौत के काफी नजदीक पहुंचने के बाद भी अब तक निराश हो चुके अनेक मरीजों को नया जीवन देने में भी सफल देश प्रदेश के जाने-माने डायबिटीज, हृदय और श्वास रोग विशेषज्ञ डा. विशाल चोपड़ा ने यहां बताया कि तरह- तरह के प्रदूषण के फलस्वरुप भी लोग अनेक तरह के घातक रोगों के शिकार हो रहे हैं। समय पर समुचित इलाज के अभाव को किसी भी मरीज के लिए जान लेवा बताते हुए बीते लगभग 18 सालों से अपनी संतोष जनक चिकित्सकीय सेवाओं के साथ ही गरीबों और असहाय लोगों के इलाज में सर्वाधिक सहायता के लिए भी चर्चित डॉ विशाल चोपड़ा ने दावा किया कि दमा जैसे रोगों के लिए प्रदूषण और अनुचित खानपान भी कम जिम्मेदार नही है। सस्ते और कारगर इलाज के चलते मरीजों से अक्सर घिरे रहने वाले और चिकित्सकीय अनुभव के मामले में दक्षता प्राप्त तथा अपनी अतिव्यस्तता के बाद भी हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले बेहद सहयोगी स्वभाव के अनुभवी तथा व्यवहार कुशल प्रख्यात फिजीशियन डॉ विशाल चोपड़ा ने यहां बताया कि किसी भी तरह के रोगों का शिकार होने से बचने के लिए समुचित खानपान में प्रोटीन को महत्व देना भी बहुत जरूरी होता है।

# पांच दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण का हुआ समापन

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** भारत स्काउट व गाइड जिला संस्था श्री गंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज में जारी तृतीय सोपान प्रशिक्षण-जांच शिविर के समापन में छात्र-छात्राओं को स्काउट गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत बताते हुए विषम हालातों में खुद को तैयार रहने को प्रशिक्षित किया।

सोमवार को जिला मुख्यालय के जनसेवा इंटर कालेज में स्काउट गाइडों को बिना बर्तन के भोजन बनाने, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाने, गांठ बंधन के प्रयोग, तम्बू निर्माण कला, खोज चिन्हों की जानकारी समेत विभिन्न विधाओं की जानकारी दी गई। मार्ग खोज चिन्हों से हाइक की सीख दी गई। तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर समेत प्रवेश प्रथम, द्वितीय प्रशिक्षण में छात्रों का अंतिम दिन दीक्षा संस्कार कर उन्हें स्काउट गाइड बिरादरी में शामिल किया। दीक्षा बैज पर जिला गाइड कमिश्नर कमल साहू, जिला सचिव सुरेश प्रसाद, जनसेवा इं का के प्रधानाचार्य सीताराम सिंह मौजूद रहे। छात्र प्रतिदिन खेलकूद, मीनार बनाकर मनोरंजन करते रहे। शिविर में 125 स्काउट गाइड, प्रथम सोपान के 82 स्काउट गाइड, द्वितीय सोपान के 123 स्काउट गाइड, तृतीय सोपान के 64 स्काउट गाइड कुल 394 छात्र-छात्राओं ने प्रशिक्षण लिया। जिनमें गंगा प्रसाद जन सेवा इंटर कॉलेज, चित्रकूट इंटर कॉलेज, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इंटर कॉलेज,कृषक इंटर कॉलेज भौंरी, बजरंग इंटर कॉलेज सपहा, ब्रह्मचर्य शिक्षा निकेतन कर्वी, ज्ञान भारती इंटर कॉलेज कर्वी, मॉडर्न पब्लिक स्कूल कर्वी, चित्रकूट पब्लिक स्कूल कर्वी के छात्र-छात्रायें शामिल रहीं। प्रशिक्षक मोहनलाल दीन, प्रेमचंद, हरिहरनाथ सिंह, अर्चना यादव, शहनाज बानो, मइयादीन पटेल, दिनेश सिंह, जानकीशरण, ललित कुमार, बिंन्तुदेवी, आकांक्षा सैनी, आशीष साहू, दीपक कुमार आदि ने सहयोग किया।

## हत्या का प्रयास करने वाले छह को हुई सजा 13-13 हजार का जुमार्ना भी हुआ

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर जारी ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत न्यायालय में लम्बित वाद में पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाने को पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृंदा शुक्ला के आदेश के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक राजापुर भास्कर मिश्रा व पैरोकार आकाश कुमार यादव एवं मॉनिटरिंग सेल प्रभारी जयप्रकाश उपाध्याय की पैरवी से हत्या का प्रयास करने वाले छह आरोपियों को चार-चार वर्ष की सजा व 13-13 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया है। सोमवार को अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार सिंह की प्रभावी बहस के नतीजतन न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम ने राजापुर थाने में दर्ज बलबा व हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी चन्द्रभूषण सिंह, सूर्यभान पुत्र नत्थू सिंह, पेलादू उर्फ राजेन्द्र पुत्र चन्द्रभूषण, चन्द्रभान सिंह पुत्र नत्थू सिंह, बटोई उर्फ धर्मेन्द्र पुत्र चन्द्रभूषण व चिल्हू उर्फ भालेन्द्र पुत्र सूर्यभान सिंह निवासी देवारी को चार-चार वर्ष की सजा व 13-13 हजार रुपये के जुमार्ना से दंडित किया। ज्ञात है 21 नवम्बर 2014 को लखनपाल सिंह पुत्र केवट सिंह निवासी देवारी ने राजापुर थाने में रिपोर्ट लिखाई थी कि चन्द्रभूषण सिंह आदि छह लोगों ने एकराय होकर मारपीट कर हत्या का प्रयास किया है।

पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर चन्द्रभूषण सिंह समेत छह लोगों को नामजद किया। तत्कालीन दरोगा कृपाशंकर मिश्रा ने विवेचना कर 25 दिसम्बर 2014 को न्यायालय में आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

## 'आखिर वे फलस्तीनियों के लिए दरवाजे क्यों नहीं खोल रहे?', इस्लामिक देशों पर बरसीं निक्की हेली

**वाशिंगटन।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवारी पेश कर चुकीं निक्की हेली ने इस्लामिक देशों पर गाजा से भाग रहे शरणार्थियों के लिए अपने दरवाजे न खोलने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा है। इतना ही नहीं हेली ने अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और मौजूदा राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी ईरान से परमाणु समझौता करने को लेकर तंज कसा। उन्होंने ईरान पर भी हमास को मजबूत करने का आरोप लगाया है।

**क्या बोलीं निक्की हेली?**

निक्की हेली ने फलस्तीनी नागरिकों के हालात पर चिंता जताते हुए कहा कि हमें मासूमों का ख्याल करना चाहिए, क्योंकि अभी जो कुछ हो रह है, उसमें उनका कोई हाथ नहीं है। लेकिन अभी अरब देश कहां हैं? कहां हैं कतर? कहां हैं लेबनान? कहां हैं जॉर्डन? कहां हैं मिस्र? क्या आप जानते हैं कि हम हर साल मिस्र को अरबों डॉलर देते हैं। आखिर वे क्यों अपने दरवाजे नहीं खोल रहे? हेली ने इसका जवाब देते हुए कहा, आप जानते हैं क्यों? क्योंकि वे जानते हैं कि वे उन्हें अच्छे से रख नहीं पाएंगे। न ही वे हमास को अपने आसपास चाहते हैं। तो आखिर इस्राइल उन्हें अपने पड़ोस में क्यों चाहेगा? तो जो हो रहा है उस पर बिल्कुल ईमानदार होना चाहिए। अरब देश फलस्तीन की मदद के लिए कुछ नहीं कर रहे, क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं है कि क्या सही है या अच्छा है। और वे उन लोगों (गाजावासियों) को अपने आसपास भी नहीं चाहते हैं। हेली ने अनुमान लगाया कि आने वाले दिनों में इस संकट के लिए भी इस्लामिक देश अमेरिका पर ही आरोप लगाएंगे। हेली ने कहा, ÷इस्लामिक देश अब इस संकट के पीछे अमेरिका को घेरेंगे। वे इस्राइल पर आरोप लगाएंगे। लेकिन इसे लेकर प्रभावित मत होइए। वे चाहें तो इन सारे संकट का खुद समाधान कर सकते हैं।

## क्षेत्रीय निदेशक पद की दौड़ में बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना की बेटी, लगे वंशवाद के आरोप

**ढ़ाका।** विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण पूर्व एशिया के क्षेत्रीय निदेशक पद की दौड़ में बांग्लादेश की पीएम शेख हसीना की बेटी सलमा वाजेद भी शामिल हैं। हालांकि इसे लेकर अब वंशवाद का मुद्दा उठ गया है। दरअसल दुनियाभर से 60 से ज्यादा सार्वजनिक स्वास्थ्य के विशेषज्ञों ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को पत्र लिखकर क्षेत्रीय निदेशक के चयन में पारदर्शिता बरतने की अपील की है। हालांकि इस पत्र में किसी का नाम नहीं लिया गया है लेकिन बांग्लादेशी पीएम की बेटी को उम्मीदवार बनाए जाने को लेकर इसकी खूब चर्चा है और वंशवाद की चर्चा शुरू हो गई है। पत्र में लिखा गया है कि उम्मीदवारों की शिक्षा और योग्यता आदि की पूरी कठोरता से जांच की जाए। बता दें कि अभी दक्षिण पूर्व एशिया से विश्व स्वास्थ्य संगठन की क्षेत्रीय निदेशक भारत की डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह हैं और जल्द ही उनका कार्यकाल पूरा होने वाला है। अब इस पद की दौड़ में बांग्लादेश से सलमा वाजेद और नेपाल से डॉ. शंभु प्रसाद आचार्य शामिल हैं। डॉ. आचार्य सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में पीएचडी धारक हैं और उन्हें डब्लूएचओ के साथ 30 सालों तक काम करने का अनुभव भी है। वहीं बांग्लादेशी पीएम शेख हसीना की बेटी सलमा वाजेद ने साइकोलॉजी में मास्टर डिग्री हासिल की है और ऑटिज्म में स्पेशलाइजेशन भी किया है। शैक्षिक योग्यता और अनुभव को देखते हुए ही सलमा वाजेद के चयन को लेकर वंशवाद के आरोप लग रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि सलमा वाजेद के पास तकनीकी और सार्वजनिक स्वास्थ्य की विशेषज्ञता नहीं है। हालांकि सलमा वाजेद का कहना है कि वह डब्लूएचओ के मानसिक स्वास्थ्य और ऑटिज्म के डायरेक्टर जनरल की सलाहकार रही हैं ।

## बीआरआई फोरम में सहभागी होने के लिए नेपाल के उपप्रधानमंत्री चीन रवाना

**काठमांडू।** चीन के द्वारा बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) पर आयोजित समारोह में सहभागी होने के लिए नेपाल के उपप्रधानमंत्री तथा गृहमंत्री नारायणकाजी श्रेष्ठ सोमवार को बीजिंग रवाना हुए हैं। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की तरफ से इस समारोह का उद्घाटन करने का कार्यक्रम है। 17-18 अक्टूबर से शुरू होने वाले बीआरआई फोरम फॉर इंटरनेशनल कोऑपरेशन सम्मेलन में उन सभी देशों को सहभागी कराया गया है जो चीन के इस महत्वाकांक्षी परियोजना में सहभागी होने के समझौते पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। नेपाल भी 2017 से चीन के बीआरआई में सहभागी होने के लिए हस्ताक्षर कर चुका है। यद्यपि अब तक नेपाल में बीआरआई के अन्तर्गत किसी भी परियोजना की शुरुआत नहीं हो पाई है। उपप्रधानमंत्री के सचिवालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक नारायणकाजी श्रेष्ठ आज रात को चीन के राष्ट्रपति के तरफ से आयोजित रात्रिभोज में सहभागी होने वाले हैं जबकि कल सुबह बीआरआई फोरम हरित विकास संबंधी सम्मेलन में नेपाल का प्रतिनिधित्व करते हुए अपना पक्ष रखने वाले हैं।

# हिज्बुल्ला अगला निशाना! इस्राइल ने लेबनान सीमा से अपने नागरिकों को हटाया, गाजा से लोगों को निकलने की चेतावनी

**तेल अवीव।** इस्राइल ने लेबनान से सटी अपनी सीमा से नागरिकों को हटाना शुरू कर दिया है। बताया गया है कि वह देश के उत्तर में लेबनान की सीमा से दो किलोमीटर अंदर तक के इलाके में रहने वाले 28 समुदायों को हटा रहा है और उन्हें सुरक्षित इलाकों में सरकारी गेस्ट हाउस में रखना शुरू कर रहा है। गौरतलब है कि इस्राइल पर बीते कुछ दिनों में गाजा पट्टी के अलावा लेबनान की तरफ से भी रॉकेट दागे गए हैं। इस्राइल का कहना है कि यह हमले ईरान समर्थित हिज्बुल्ला संगठन की ओर से किए गए हैं और इनका माकूल जवाब भी दिया जा रहा है। ऐसे में इस्राइल का ताजा कदम हिज्बुल्ला के लिए चेतावनी के तौर पर देखा जा रहा है।



इस्राइल के रक्षा मंत्रालय की आपात प्रबंधन सेवा ने कहा कि लेबनान सीमा से सैन्य बलों ने लोगों को हटाना शुरू कर दिया है। इससे पहले लेबनान बॉर्डर की तरफ से हुए हमलों में इस्राइल के एक नागरिक की मौत हुई थी, जबकि कई अन्य के घायल होने की बात सामने आई थी। इसके बाद इस्राइली वायुसेना ने कहा था कि उसने लेबनान में हिज्बुल्ला के कुछ ठिकानों पर बमबारी की है।

**क्या है हिज्बुल्ला?**

हिज्बुल्ला एक आतंकी संगठन है, जो लेबनान की सरजमीं पर मौजूद है। इसे 1975 से 1990 तक चले लेबनान गृहयुद्ध की उपज माना जाता है। 1982 में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड्स ने इसकी स्थापना की। इसका लक्ष्य ईरान में हुई इस्लामी क्रांति दूसरे देशों में फैलाना और लेबनान में लड़ रही इस्राइली सेना के खिलाफ एक संगठन खड़ा करना था। अमेरिकी राष्ट्रीय आतंक निरोधक केंद्र (एनसीटीसी) के मुताबिक, हिज्बुल्ला कई आतंकवादी हमलों में शामिल रहा है, जिसमें अप्रैल 1983 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर आत्मघाती ट्रक बम विस्फोट, अक्तूबर 1983 में बेरूत में अमेरिकी मरीन बैरक और सितंबर 1984 में बेरूत में अमेरिकी दूतावास पर हमला शामिल है। इसके साथ ही 1985 में ञ्जङ्ख 847 विमान का अपहरण और 1996 में सऊदी अरब में खोबार टावर्स पर हमला भी इसी द्वारा किया गया था।

## भारत के समर्थन पर इस्राइली अभिनेत्री ने जताया आभार, बंधकों को वापस लाने पर दी प्रतिक्रिया

**तेल अवीव ।** इस्राइली अभिनेत्री रोना ली शिमोन ने इस्राइल-हमास के बीच जारी युद्ध पर बात करते हुए भावुक हो गई। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने भारत की तारीफ की है। शिमोन ने कहा कि भारत जैसे महान सहयोगी देश के लिए वह हमेशा आभारी रहेगी। शिमोन वेब सीरीज फौदा में निभाए अपने किरदार के लिए बहुत मशहूर हुई थी।

**भारत का जताया आभार**

इस्राइल और हमास युद्ध के दौरान अभिनेत्री शिमोन ने भारत का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा, 'मैं भारत जैसे महान सहयोगी देश के लिए हमेशा आभारी रहूंगी। मुझे भारत के लोग बहुत अच्छे लगते हैं। मैं समझती हूं कि आपलोगों ने सात अक्तूबर को हुए हिंसा की निंदा क्यों की। मैं इससे कम की उम्मीद नहीं करूंगी। यह सबसे अच्छी चीज है जो आप हमारे लिए कर रहे हैं और इसी तरह हमारे साथ खड़े रहिए।'



इस्राइल हमास युद्ध पर अभिनेत्री शिमोन ने कहा, 'धर्म एक बहुत खूबसूरत चीज है, अगर आप इसे सुंदर बनाओ तो। धर्म को सर्वोत्तम तरीके से उपयोग करना एक मानवीय विकल्प है। जिनके अंदर की चिंगारी बुझ चुकी है वह धर्म को बुरे तरीके से इस्तेमाल करता है। सात अक्तूबर को जो हुआ उससे यही लगता है कि हमास आईएसआईएस है और वे नहीं रुकेंगे।' उन्होंने आगे कहा, 'इस्राइल का प्रत्येक नागरिक आतंकियों द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को वापस लाने के उद्देश्य का समर्थन करता है। हम उन्हें वापस लाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहे हैं।' अभिनेत्रा ने सात सितंबर को हुए हमले को याद कर कहा कि जो भी आठ दिन पहले हुआ वह एक भयानक अत्याचार था। अगर आप हमारे साथ खड़े हैं तो यह हमारे लिए बहुत बड़ी बात है।

## 'गाजा पर कब्जे की कोशिश बड़ी गलती होगी', अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने इस्राइल को दी चेतावनी

**वाशिंगटन ।** इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन इस्राइल का दौरा करने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, आंतरिक सूत्रों से अभी तक इस्राइल के दौरे को लेकर कोई भी चर्चा नहीं गई है। एक साक्षात्कार के दौरान राष्ट्रपति बाइडन ने गाजा पट्टी पर लंबे समय से कब्जा करने की कोशिश पर इस्राइल को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि इस्राइल को लंबे समय तक गाजा पट्टी को अपने नियंत्रण में नहीं रखना चाहिए। अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुसार इस्राइल युद्ध के नियमों के अनुसार कार्य करेगा। निर्दोष नागरिकों को दवा, पानी और भोजन पहुंचाया जाएगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बड़ी गलती होगी। मेरे हिसाब से गाजा में जो हुआ उसकी वजह हमास था और हमास सभी फलस्तीनियों का प्रतिनिधित्व नहीं करता। यह साक्षात्कार रविवार को तब आया जब इस्राइली रक्षा बल



गाजा पर हमले की तैयारी कर रहे थे। इस हमले के डर से हजारों लोग अपने घरों को छोड़कर दक्षिण की तरफ भाग रहे हैं।

**मध्यस्थता के लिए मिस्र पर दवाब**

बाइडन और इस्राइली नेता आखिरी बार सितंबर में संयुक्त राष्ट्र की बैठक में न्यू यॉर्क में मिले थे। इस साल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्राइली न्यायिक शाखा से सत्ता छीनने के प्रयास के बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में खटास पैदा हो गई थी। अमेरिकी रक्षा मंत्री एंटनी ब्लिंकन सऊदी और मिस्र के नेताओं से मिलने के बाद सोमवार को इस्राइल जा सकते हैं। इस्राइल और हमास के बीच जारी युद्ध पर चर्चा करने के लिए मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने भी जो बाइडन को आमंत्रित किया है। फलस्तीन और इस्राइली नेता संघर्ष में मध्यस्थता करने के लिए मिस्र पर दवाब डाल रहे हैं। साक्षात्कार के दौरान जो बाइडन ने कहा कि उनकी टीम गाजा में रह रहे लोगों को सुरक्षित क्षेत्रों में भेजने के लिए चर्चा कर रहे हैं। महिलाओं और बच्चों को संघर्ष क्षेत्र से बाहर निकालने के लिए मिस्र सरकार से बीतचीत की है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सीधे हस्तक्षेप करने का कोई मतलब नहीं बनता है। उन्होंने सांसदों पर इस्राइल और यूक्रेन को और सैन्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए जोर डाला है।

इस्राइल हमास के बीच जारी संघर्ष में अबतक 1400 इस्राइली और 2500 के करीब गाजा में नागरिकों की मौत हो चुकी है। वहीं सैकड़ों इस्राइली नागरिकों को हमास के आतंकियों ने गाजा पट्टी में बंधक बना रखा है।

## 'बच्चों का खून हो रहा था, तब आप...', गाजा के प्रति हमदर्दी दिखाने पर N-WHO पर भड़का इस्राइल

**तेल अवीव।** हमास और इस्राइल के संघर्ष में अभी तक 3900 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। तनाव बढ़ता जा रहा है। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का हमास के प्रति हमदर्दी दिखाने पर यूएन में इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने जमकर निशाना साधा। उन्होंने पूछा, 'आपका गुस्सा तब कहां था? जब हमास के आंतकवादियों ने इस्राइल में बच्चों की हत्या की, महिलाओं के साथ दुष्कर्म किया और जिंदा बचे लोगों को बंधक लिया।' अधिकारी ने कहा कि आपके दोहरे मापदंड की सचमुच में कोई सीमा नहीं हैं। क्या आप किसी ऐसी जगह रह रहे हैं, जहां से आपको हमास की क्रूरता नहीं दिख रही। एर्दान ने कहा कि हमास द्वारा किए गए हमले में हजारों इस्राइली मारे गए। इतना ही कई लोग घायल हुए हैं। अगर इस आतंकवादी समूह को नष्ट नहीं किया गया तो भविष्य में हजारों लोगों का नरसंहार किया जाएगा।

बता दें, इस्राइली राजदूत मानवीय मामलों के अवर महासचिव और आपातकालीन राहत समन्वयक मार्टिन ग्रिफिथ्स की एक पोस्ट पर भड़क गए थे। दरअसल, ग्रिफिथ्स ने अपनी पोस्ट में कहा था कि गाजा पर मौत का साया मंडरा रहा है। बिना पानी, बिजली, भोजन और दवा के हजारों लोग मर जाएंगे। यह बिल्कुल स्पष्ट है।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के अधिकारी की पोस्ट पर पूछा कि जब हमास ने आतंकी सुरंगें खोदने और इस्राइलियों को निशाना बनाने वाले रॉकेट बनाने के लिए संयुक्त राष्ट्र का सारा धन खर्च कर दिया, तब आपका आक्रोश कहां था? एर्दान ने आगे पूछा कि जब हमास ने गाजा के लोगों के हर संसाधन (पानी, ऊर्जा, नागरिक बुनियादी ढांचे) को अपनी क्षमता बना लिया तो आपने कभी सार्वजनिक रूप से इसकी निंदा क्यों नहीं की?

इस्राइल के राजदूत गिलाद एर्दान ने पूछा कि क्या आपको याद है कि आपने नागरिकों पर रॉकेट हमले की निंदा करने के लिए अपने कार्यालय प्रमुख सारा मस्क्रॉफ्ट को उनके पद से कैसे हटा दिया था? इस्राइल अधिकारी ने कहा कि उस समय तथ्यों को अनदेखा कर आतंकियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज उसी का नतीजा गाजा है।

## इजरायल में मारे गए 10 में से पांच छात्रों के शव नेपाली दूतावास को सौंपे गए

**काठमांडू।** हमास के आक्रमण में इजरायल में मारे गए 10 नेपाली छात्रों में से पांच के शव इजरायल प्रशासन ने रविवार देरशाम नेपाली राजदूतावास को सौंप दिए। अब इनको नेपाल लाने की प्रक्रिया शुरू होगी। नेपाल सरकार को यह जानकारी राजदूतावास ने दी है। नेपाली राजदूवास ने जारी बयान में कहा है कि सभी पांच शव विशेष विमान के जरिए नेपाल भेजे जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दो दिन पहले नेपाल के विदेश मंत्री एनपी साउद ने अपने इजरायली समकक्ष से नेपाली नागरिकों के शव जल्द नेपाल को सौंपने का आग्रह किया था। इन शवों को नेपाल तक पहुंचाने की जिम्मेदारी इजरायल सरकार ने ही ली है। दूतावास ने बाकी शव भी जल्द मिलने की उम्मीद जताई है। दूतावास ने कहा है कि इजरायल में रह रहे नेपाली नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी का क्रम जारी है। नागरिकों को इजरायल, लेबनान, तुर्किये जैसे देशों के विमानस्थल का प्रयोग कर नेपाल लाया जा रहा है।

# गाजा में कई दिनों से नहीं नहाए लोग, पीने के पानी को तरसे, बोले- लगता है बोझ हैं

**गाजा पट्टी।** इस्राइल द्वारा लोगों को अल्टीमेटम दिया है कि वह इलाका खाली कर दक्षिण की तरफ चले जाएं। यही वजह है कि उत्तरी गाजा से दक्षिण की तरफ बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि करीब दस लाख लोग विस्थापित हो चुके हैं। गाजा से पलायन कर रही एक अन्य महिला ने बताया कि वह बहुत शर्म महसूस कर रहे हैं और किसी शरणार्थी कैंप की तलाश में हैं। हमारे पास कपड़े नहीं हैं और जो हैं वो बहुत गंदे हैं। कपड़ों को धुलने के लिए पानी ही नहीं है। ना बिजली, पानी और इंटरनेट। ऐसा लग रहा है कि मेरी मानवता ही खत्म हो रही है।



**इस्राइसली हमले में ढाई हजार से ज्यादा की मौत**

सबा मसबाह नाम की एक महिला ने बताया कि वह अपने पति और बेटी के साथ एक रिश्तेदार के घर रफाह में ठहरे हुए हैं। हम में से कोई भी बीते कई दिनों से नहाया नहीं है क्योंकि पानी की बहुत कमी है। महिला का कहना है कि अगर वह नहाएंगे तो उनके पास पीने के लिए पानी नहीं बचेगा। बता दें कि बीती 7 अक्टूबर को आतंकी संगठन हमास ने इस्राइल की सीमा में घुसकर लोगों की हत्याएं की। हमास के हमले में इस्राइल में करीब 1400 लोगों की मौत हुई है। इस हमले के जवाब में इस्राइली सेना बीते कई दिनों से गाजा पट्टी पर बम बरसा रही है। इस्राइली हमले में अब तक ढाई हजार से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। साथ ही इस्राइल गाजा पट्टी में जमीनी हमले की भी तैयारी कर रहा है। इसके चलते गाजा में बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है।

लग रहा है कि मैं बोझ हूं और मैं कुछ भी नहीं कर पा रहा हूं। बता दें कि इस्राइल ने उत्तरी गाजा के

**गाजा से पलायन कर रही एक अन्य महिला ने बताया कि वह बहुत शर्म महसूस कर रहे हैं और किसी शरणार्थी कैंप की तलाश में हैं।**

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

## भारत-वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों को हुए 50 साल, साझेदारी को दर्शाने वाले डाक टिकट किए जारी

**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने वियतनाम के समकक्ष बुई थान सोन से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने व्यापार, ऊर्जा, रक्षा और समुद्री सुरक्षा के क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा की।इसके अलावा, जयशंकर और सोन ने संयुक्त रूप से भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 50 साल पूरे होने का जश्न मनाने वाले स्मारक डाक टिकटों को जारी किया।

सोशल मीडिया एक्स पर किए एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि कलरिपयट्टू और वोविनम को दर्शाने वाले डाक टिकट खेलों के प्रति हमारी साझा मजबूती को दिखाती है। इसके अलावा भारत और वियतनाम के बीच मजबूत सांस्कृतिक, सामाजिक और लोगों के बीच संबंधों के जश्न को दिखाती है। वियतनाम की चार दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर




पहुंचे जयशंकर ने हनोई में 18वें भारत-वियतनाम संयुक्त आयोग की बैठक में भी हिस्सा लिया। उन्होंने सोन को धन्यवाद दिया। साथ ही बताया कि उनकी चर्चाओं में राजनीतिक, रक्षा और समुद्री सुरक्षा, न्यायिक, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, विकास, शिक्षा और प्रशिक्षण, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सांस्कृतिक आदि मुद्दे शामिल था। उन्होंने कहा, ' मुझे उम्मीद है कि हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी आने वाले वर्षों में और मजबूत होगी।'